डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमा- कोर्ट में पेश होंगी कंगना.....................................

वर्ष -08 अंक -109 | प्रयागराज, मंगलवार 05 जुलाई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कोपनहेगन के शॉपिंग मॉल में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत, हमलावर गिरफ्तार

**डेनमार्क।** सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में लोगों को मॉल से भागते हुए देखा गया, जिसमें छोटे बच्चों वाले परिवार भी शामिल थे। डेनमार्क के कोपेनहेगन में एक शॉपिंग सेंटर में गोलीबारी में तीन लोग मारे गए हैं। डेनिश पुलिस ने कहा कि उन्होंने एक 22 वर्षीय डेनिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और इसे आतंकी हमला कहने से इंकार नहीं कर सकते। डेनिश पुलिस द्वारा गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद लोग फील्ड के शॉपिंग सेंटर से बाहर की ओर भागे। गोलीबारी की रिपोर्ट मिलने के बाद सशस्त्र पुलिस फील्ड के शॉपिंग सेंटर में पहुंच गई थी। कोपनहेगन पुलिस ने क्या कहा शूटिंग फील्ड के शॉपिंग सेंटर में हुई, जो स्कैंडिनेविया के सबसे बड़े शॉपिंग सेंटर में से एक है। कोपनहेगन पुलिस ने ट्वीट किया, ठगोलीबारी के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।ठ उन्होंने ट्वीट में आगे कहा, ठहम फील्ड में बड़ी संख्या में मौजूद हैं और अपडेट प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। हम जल्द से जल्द यहां अपडेट करेंगे।ठभागते हुए लोगों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल स्थानीय मीडिया संगठनों द्वारा साझा की गई तस्वीरों में भारी हथियारों से लैस पुलिस और कम से कम दस एम्बुलेंस मौजूद रहीं। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में लोगों को मॉल से भागते हुए देखा गया, जिसमें छोटे बच्चों वाले परिवार भी शामिल थे। मच गई भगदड़ न्यूज एजेंसी एपी की एक खबर के मुताबिक पुलिस निरीक्षक सोरेन थॉमसन ने कहा कि इस गोलीबारी के मकसद के बारे में अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी, जो स्कैंडिनेवियाई देश डेनमार्क की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल में कल दोपहर बाद हुई। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक जब गोली चलने की आवाज आई, तो कुछ लोग दुकानों में छिप गए, जबकि अन्य लोगों में वहां से भागने के लिए भगदड़ मच गई। डेनिश टीवी चैनल ने बंदूकधारी की एक तस्वीर प्रसारित की है ।

## अग्निपथ योजना का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, अगले सप्ताह होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सेना ने तीनों सेनाओं में भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी इस निरस्त करने के लिए वकील एम एल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। केंद्र सरकार द्वारा सेना भर्ती के लिए लाई गई अगिन्पथ योजना के खिलाफ आंदोलन ठंडा पड़ने के बाद वकील एम एल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस योजना के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी भी हो गया है। इस मामले में सुनवाई अब अगले सप्ताह होगी। वहीं दायर याचिका में कहा गया है कि दो साल से वायुसेना में नियुक्ति का इंतजार कर रहे लोगों को आशंका है कि उनका 20 साल का करियर चार साल में सिमट जाएगा। इस याचिका में आगे कहा गया है कि साल 2017 में 70 हजार से अधिक छात्रों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के बाद छात्रों को आश्वासन दिया गया कि नियुक्ति पत्र राजी किया जाएगा लेकिन अब इस योजना के लाए जाने के बाद से इनका करियर दांव पर है। वहीं वकीलों की दलील सुनने के बाद शीर्ष अदालत की बेंच सुनवाई के लिए तैयार हो गई। बेंच ने कहा कि याचिका को अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। तीनों सेनाओं में भर्ती प्रक्रिया जारी बता दें कि तीनों सेनाओं में भर्ती प्रक्रिया जारी है।



थलसेना में भर्ती प्रक्रिया जहां 1 जुलाई से शुरू हो गई वहीं वायुसेना में इससे पहले 24 जून जबकि नौसेना में 25 जून से शुरू हो गई। इस भर्ती में 17.5 वर्ष से 21 वर्ष तक के उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। हालांकि, इस साल के लिए आयु सीमा बढ़ाकर 23 साल कर दी गई है। यह भर्ती चार सालों के लिए होगी। इसके बाद परफॉर्मेंस के आधार पर 25 फीसदी कर्मियों को वापस से रेगुलर कैडर के लिए नामांकित किया जाएगा। बता दें कि उम्मीदवारों को सशस्त्र बलों में आगे नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। चयन सरकार का अनन्य क्षेत्राधिकार होगा। मेडिकल ट्रेडमैन को छोड़कर भारतीय वायु सेना के नियमित कैडर में एयरमैन के रूप में नामांकन केवल उन्हीं कर्मियों को दिया जाएगा, जिन्होंने अगिन्वीर के रूप में अपनी सेवा की अवधि पूरी कर ली है। सेवानिधि पैकेज क्या है हर अगिन्वीर को भर्ती के साल 30 हजार महीने तनख्वाह मिलेगी। इसमें से 70 फीसदी यानी 21 हजार रुपये उसे दिए जाएंगे। बाकी 30 फीसदी यानी नौ हजार रुपये अगिन्वीर कॉर्प्स फंड में जमा होंगे। इस फंड में इतनी ही राशि सरकार भी डालेगी। दूसरे साल अगिन्वीर की तनख्वाह बढ़कर 33 हजार, तीसरे साल 36.5 हजार तो चौथे साल 40 हजार रुपये हो जाएगी। चार साल में उसकी कुल बचत करीब 5.02 लाख रुपये होगी। वहीं सरकार की ओर से भी इतनी ही रकम जमा की जाएगी। नौकरी पूरी होने के बाद उसे ये रकम ब्याज सहित मिलेगी। जो करीब 11.71 लाख रुपये होगी। ये रकम टैक्स फ्री होगी। सेवा के दौरान शहीद होने या दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद का प्रावधान भी है। अगर कोई अगिन्वीर देश सेवा के दौरान शहीद हो जाता है तो उसे सेवा निधि समेत एक करोड़ से ज्यादा की राशि ब्याज समेत दी जाएगी। इसके अलावा बची हुई नौकरी का वेतन भी दिया जाएगा। अगर कोई जवान ड्यूटी के दौरान डिसेबिल यानी दिव्यांग हो जाता है तो उसे 44 लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी और बची हुई नौकरी का भी वेतन दिया जाएगा। चार साल की नौकरी के बाद युवाओं को सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा। जो 11.71 लाख रुपए होगा।

## शिंदे पर सदन का 'विश्वास'

**महाराष्ट्र।** पिछले कुछ दिनों से चल रहा सियासी ड्रामा धीरे-धीरे शांत हो रहा है। नई सरकार का गठन हो चुका है। एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने हैं। इस बीच विधानसभा के विशेष सत्र का आज दूसरा दिन है। इस दौरान विधानसभा की कार्यवाही शुरू हो गई। पहले ध्वनिमत से बहुमत पर फैसला होना था। हालांकि, विपक्ष



ने इस पर एतराज जताया। इसके बाद मतदान के जरिए कार्यवाई शुरू की गई। शिंदे के पक्ष में 164 वोट पड़े, उन्होंने विश्वास मत हासिल कर लिया है। महाराष्ट्र विधानसभा में फ्लोर टेस्ट की कार्यवाही के दौरान एकनाथ शिंदे के खिलाफ 99 वोट पड़े हैं। वहीं शिंदे के समर्थन में 164 वोट पड़े। वहीं देरी से आने के कारण पांच विधायक वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सके। बहुमत परीक्षण की कार्यवाही के बीच एकनाथ शिंदे के पक्ष में 164 वोट पड़े हैं। उन्होंने बहुमत हासिल कर लिया है। हालांकि, इसका औपचारिक एलान होना बाकी है। वहीं विपक्ष की ओर से मतदान शुरू हो गया है। विधानसभा में बहुमत परीक्षण पर मतदान की कार्यवाही जारी है। इस बीच शिवसेना के नए बागी विधायक संतोष बांगड ने शिंदे के समर्थन में वोट किया है। बांगड कल तक उद्धव गुट की तरफ थे। अब शिवसेना के बागी विधायकों की संख्या 40 हो गई है। शिंदे व उद्धव गुट के बीच व्हिप विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शिवसेना की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर की तरफ से एकनाथ शिंदे गुट की ओर से जारी व्हिप को मान्यता देने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, स्पीकर को यह अधिकारी नहीं है, क्योंकि पार्टी अभी भी उद्धव गुट की है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर भी 11 जुलाई को सुनवाई करेगा। विधानसभा में शिंदे पक्ष के विधायकों ने वोटिंग शुरू कर दी है। शिंदे व उद्धव गुट के विधायक अलग-अलग बैठे हैं। महाराष्ट्र में बहुमत परीक्षण से पहले उद्धव ठाकरे को एक और झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव गुट का एक और विधायक शिंदे गुट में शामिल हो गया है। दरअसल, शिवसेना विधायक संतोष बांगड की तस्वीरें एकनाथ शिंदे व उनके गुट के विधायकों के साथ सामने आई हैं। संतोष बांगड आज सुबह होटल से शिंदे गुट के विधायकों के साथ निकले थे और उनके साथ विधानसभा पहुंचे। फ्लोर टेस्ट से पहले उद्धव ठाकरे को एक और झटका लग सकता है। खबर है कि उनका एक और विधायक शिंदे गुट का दामन थाम सकता है। पहले ही 39 विधायक बगावत कर चुके हैं।

आधुनिक समाचार चैनल के सेक्शन EASY INTERVIEW WITH SUDHANSHU मे मेहमान है NANDANI RAO जो की बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकी है AKSAR ALLAHABADI के डायरेक्शन में बनी हॉलीवुड मूवी द लॉस्ट शिप में नंदनी राव एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रही है। आईये उनसे कराते है आप सभी को रूबरू......




## श्रीलंका में ईंधन का टोटा, तेल खरीदने का पैसा नहीं, स्कूल बंद

**श्रीलंका।** बिजली व ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने कहा है कि ईंधन की खेप मंगाने के उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन पैसों की भी कमी है। भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। देश के पास तेल खरीदने का पैसा नहीं है। इस कारण पेट्रोल डीजल की भारी किल्लत हो गई है। दो सप्तह से बंद स्कूलों को एक सप्ताह और बंद रखा जाएगा। लोगों को घरों से ही काम करने की सलाह दी गई है। श्रीलंका के बिजली व ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने कहा है कि ईंधन की खेप मंगाने के उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन पैसों की भी कमी है। केंद्रीय बैंक के पास तेल खरीदी के भुगतान के लिए सिर्फ 12.50 करोड़ डॉलर ही हैं। विजेसेकरा ने अनिवासी श्रीलंकाई नागरिकों से अपील की है कि वे अनौपचारिक माध्यमों की बजाय बैंकों के माध्यम से अपनी कमाई स्वदेश भेजें, ताकि विदेशी मुद्रा की कमी दूर करने में मदद मिले। ईंधन लेकर शुक्रवार को पहुंचा सकता है विमान ऊर्जा मंत्री विजेसेकरा ने कहा कि ईंधन लेकर एक विमान 40 हजार मीट्रिक टन डीजल लेकर कोलंबो पहुंच सकता है। वहीं, एक अन्य विमान 22 जुलाई को पेट्रोल लेकर पहुंचेगा। ईंधन की कई अन्य खेप भी आने वाली है, लेकिन 58.7 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गहरी खाई में गिरी बस, 19 लोगों की दर्दनाक मौत

**स्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारी बारिश के चलते पहाड़ी सड़क से एक यात्री बस फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में रविवार को भारी बारिश के चलते एक यात्री बस पहाड़ी सड़क से फिसल कर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बलूचिस्तान प्रांत के शिरानी जिले के सहायक प्रशासक महताब शाह ने कहा कि बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी नष्ट हुए वाहन और आसपास के मलबे में बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। शाह ने कहा कि भारी बारिश के चलते बस गीली सड़क पर फिसल गई और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बस लगभग 200 फीट (61 मीटर) खाई में गिर गई। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम खराब सड़क बुनियादी ढांचे और यातायात कानूनों की अवहेलना के साथ-साथ खराब रखरखाव वाले वाहनों के कारण पाकिस्तान में घातक सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। पिछले महीने किला सैफुल्लाह जिले में एक बस के खाई में गिरने से इसी तरह के हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई थी।




## ओडिशा के भुवनेश्वर में चलती बस में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की कई गाडियां

**ओडिशा।** चलती बस में आग लगने के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। वहीं चार यात्री आग की चपेट में भी आ गए। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बारामुंडा बस स्टैंड के पास ओवरब्रिज के नीचे एक पुलिया से टकराने के बाद एक यात्री बस में भीषण आग लग गई। बस फूलबनी से भुवनेश्वर आ रही थी। आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाडियां मौके पर मौजूद हैं। वहीं घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे बस आग लगने के बाद धू-धूकर जल रही है। चार यात्री गंभीर रूप से झुलसे चलती बस में आग लगने के बाद यात्रियों में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में सभी यात्रियों को उतारा गया। लेकिन इस दौरान चार यात्री आग की चपेट में आ गए जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आग लगने के बाद से यात्रियों में दहशत का माहौल है।



## कांग्रेस का आरोप आदिवासियों की दुश्मन है भाजपा सरकार, अपराध रोकने में असफल गृह मंत्री इस्तीफा दें

**मध्य प्रदेश।** आदिवासी महिला को डीजल डाल कर जलाने के मामले में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आदिवासियों का दुश्मन बताया। साथ ही उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध रोकने में असफल गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से इस्तीफा देने की मांग की है।मप्र कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय सिंह यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की मध्य प्रदेश में कानून नाम की चीज नहीं है। जंगलराज के हालात है। उसी का परिणाम है गुना में आदिवासी महिला को खेत में जिंदा जला दिया गयाउन्होंने कहा कि आदिवासी परिवार की साढ़े 6 बीघा जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा था, जब उनके खेत पर आरोपी जुताई कर रहे थे महिला वहां पहुंची तो आरोपियों द्वारा उसको डीजल डालकर आग लगा दी। महिला मदद के लिए गुहार लगाती रही। वहीं, बेखौफ अपराधी महिला का वीडियो बनाते रहे, जबकि 23 जून को परिवार द्वारा पुलिस सुरक्षा की मांग की गई थी। पुलिस द्वारा सुरक्षा ना देकर दबंगों को अपराध करने की छूट दे दी। आदिवासी परिवार के पास जो जमीन थी वह पट्टा कांग्रेस सरकार द्वारा दिया गया था। भाजपा सरकार में जमीन छीनी जा रही है जो अधिकार कांग्रेस सरकार में दिया गया था।मप्र में भाजपा-आरएसएस के लोग ही आदिवासियों पर लगातार अत्याचार कर रहे हैं। सिवनी के मामले से यह प्रमाणित हो गया था। चाहे नेमावर का जघन्य हत्याकांड हो नीमच का बर्बरतापूर्वक पिटाई कांड हो या खंडवा, खरगोन, गुना और सिवनी में हुआ हत्याकांड। सभी मामलों से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में आदिवासियों को सुरक्षा देने में भाजपा सरकार असफल रही है। अपराधों के बाद वाह-वाही लूटने के लिए बुलडोजर चलाने की नौटंकी करने वाली भाजपा सरकार क्यों नहीं बताती हैं कि अगर बुलडोजर से ही अपराध रुकते तो नित नए अपराध क्यों हो रहे हैं अब गुना में आदिवासी महिला पर मानवता को तार-तार करने वाला अपराध क्यों हुआ भाजपा की आदिवासी विरोधी नीति का ही नतीजा है कि मध्य प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में देश में प्रथम स्थान पर है भाजपा आदिवासियों को बांटने की राजनीति कर रही है देश में सर्वाधिक आदिवासी मध्य प्रदेश में रहते हैं अगर आदिवासी अधिकार के नाम पर राष्ट्रपति को पद देना था तो मध्य प्रदेश के किसी आदिवासी को दिया जाना चाहिए था। आबादी के हिसाब से आदिवासी वर्ग में भील 1.70 करोड़, गोंड 1.3 करोड़ है। उनकी की उपेक्षा की गई जिस संथाल वर्ग की उम्मीदवार बनाई है उनकी आबादी केवल 74 लाख है। अपने गांव में तक बिजली नहीं पहुंचा पाई ऐसी उम्मीदवार आदिवासी समाज का कितना भला कर पाएंगी। हमारी मांग है आदिवासी परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए पीडित महिला के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए एवं कानून व्यवस्था का पालन करवाने में असफल प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इस्तीफा दें।





# बच्चों को स्टेशनरी किट वितरण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर (प्रयागराज) ।** आज फूलपुर के ग्राम सभा फिरोजपुर उर्फ शेखपुर बाबूपुर में एडवोकेट महेश सिंह यादव के निवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केक काट कर एक दूसरे को खिलाकर शुभकामनाएं दिया जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के फूलपुर विधान सभा अध्यक्ष कुमार मंगल ने बच्चों को स्टेशनरी किट वितरण कर दीर्घायु की कामना की । इस मौके पर सुहेल अहमद, सौरभ यादव, पिंटू यादव बी डी सी, अमित यादव, संतोष यादव, शारदा प्रसाद, अवधेश कुमार, रवि , विकास राणा अरविंद कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# लायंस अवार्ड नाइट प्रयागराज अव्वल एम जे एफ संजीव लोगानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** वाराणसी में सत्र 2021-22 के मंडल अध्यक्ष चैतन्य पांड्या के द्वारा अवॉर्ड सेरिमनी की गई. जिसमें मंडल 321ई के सभी क्षेत्र प्रयागराज, रेन्कूट, वाराणसी जौनपुर, सुल्तानपुर , मिर्जापुर के लोगों का सम्मान किया गया त् एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन अग्रवाल, अनुरागिनी सिंह, डॉ एस के शुक्ला, डॉ आर के सिंह, रागिनी चंदेल, राजन टंडन, प्रीति टंडन, अतुल मल्होत्रा को अवार्ड प्राप्त हुए त् मंडल के प्रशासनिक अधिकारी अनिल जयसवाल ने बताया कि प्रयागराज शहर के क्लब अनुपम, पावन गंगा, अशोक, गंगा, सेंट्रल, सिटी, श्रेष्ठ, इलाहाबाद, एंजेल,




संजीव लोगानी ने बताया कि प्रयागराज के रीजन एवं जोन चेयरपर्सन ने वर्ष पर्यंत हर क्षेत्र में कार्य कर अव्वल रहे त् डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सतीश टंडन ने बेस्ट रीजन के रूप में जगमोहन अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, देवव्रत आर्य, पूर्णिमा सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी त् जोन चेयरपर्सन में रीना जायसवाल, संजय गुप्ता, मुकेश क्लासिक मैन, आकाश, अरुणिमा, ग्रेटर, आनंदित, गौरव, आदि क्लबों को विभिन्न क्षेत्रों में अवार्ड से सम्मानित किया गया. समारोह में सत्र 2022-23 के मंडल अध्यक्ष सीए सौरभ कांत, राजेंद्र गुप्ता, सुधा बहादुर, रेखा जायसवाल, बीना केसरवानी, डॉ जया विशाल खरे, परिमीता मनोज खत्री, वंदना सुनील गुप्ता, इरा ऋषि सेठी आदि लोग उपस्थित रहे ।

# पक्के मकान की दीवाल गिरी दुर्घटना से बचे लोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर ।** शनिवार सुबह से हो रही रिमझिम बरसात से मैलहन के रसूलपुर गांव में सुनील शर्मा के पक्के मकान की दीवाल आधी छत लेकर करवट हो गई। संयोग था घर के लोग उस ओर नहीं थे। वरना बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। अब गांवो में कच्चे जर्जर मकानों के गिरने का वक्त आ गया है। क्योंकि रिमझिम बरसात ऐसे मकानों के लिए हानिकारक है।

# क्रिस्टी मेमोरियरल स्कूल के बच्चों ने पदक जीतकर किया नाम रोशन..........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नैनी (प्रयागराज)।** क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एण्ड कॉलेज कर्मा हथिगन के बच्चों ने औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित प्रतियोगिता में पदक जीतकर स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या नेहा पीताम्बर को आईडल प्रिंसपल




अवार्ड 2021 प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या सहित सभी विजेताओं को स्कूल के स्थापना दिवस पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। चेयरमैन विनोद बी. लाल ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस स्कूल की नींव इसलिये रखी गई थी जिससे ग्रामीण बच्चे भी उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रोशन करें, विजेता बच्चों ने कॉलेज के वीजन को साकार भी किया है। श्री विनोद बी. लाल ने इस उपलब्धि के लिये सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कर्मचारियों के योगदान की सराहना भी की। इस अवसर पर श्री लाल ने पौधारोपण कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल कोआर्डिनेटर विशाल आर. चार्ल्स ने बताया कि अखिल भारतीय नागरिक विकास केन्द्र की ओर से औरंगाबाद, महाराष्ट्र में आल इण्डिया ड्राईग, हैण्डराईटिंग व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसमें क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न कटेगरी में पदक जीता। बेस्ट हैण्डराईटिंग के लिये आयुषी गौतम व आकाश सिंह को कलाश्री अवार्ड, बेस्ट ड्राईग के लिये स्वास्तिक पाण्डे व प्रांशी केसरवानी को कलारत्न अवार्ड, निखिल मौर्या व वर्षिका कुशवाहा को बेस्ट निबंध लेखन के लिये विद्या भूषण अवार्ड दिया गया। वहीं, क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एण्ड कॉलेज को बेस्ट स्कूल का अवार्ड दिया गया। स्कूल की इस उपलब्धि के लिये सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# सीतापुर में महोत्सव के नाम पर अश्लीलता : बालाजी महोत्सव में नृतकियो ने अश्लील गानों पर किया डांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आशीष त्रिवेदी**

**सीतापुर।** तिरुपति बालाजी महोत्सव के नाम पर दर्शकों को अश्लीलता परोसने का मामला सामने आया है। यहां महोत्सव के दौरान नर्तकियों ने अश्लील गानों पर जमकर स्टेज पर अश्लील डांस किया। इस महोत्व के दौरान आयोजक ने सभी मर्यादाओं को तार-तार करते हुए तिरुपति बालाजी महोत्सव के नाम नाम जमकर अश्लीलता परोसी गयी। पुलिस की मौजूदगी में यह कृत्य चलता रहा और किसी ने इसे रोकने तक कि जहमत नही उठायी। नृतकियो ने परोसी अश्लीलता मामला कोतवाली देहात इलाके का ककरहा गांव का है। यहां पर स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर के परिसर में तिरुपति बालाजी के नाम से एक महोत्सव कराया जा रहा है। इस महोत्सव के आयोजक गिरीश मिश्रा द्वारा यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, बीती रात महोत्सव में रम्पत हरामी की नौटंकी के बाद नृतकियो ने अश्लील गानों पर स्टेज पर डांस करते हुए अश्लीलता परोसी गयी। कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद लोगों में इस नजारे का जमकर लुफ्त भी उठाया। पुलिस और प्रशासन बना अंजान इस कार्यक्रम में अश्लील डांस के आयोजन पर सवालियां निशान खड़े होने लगे है कि महोत्सव के नाम अश्लीलता किसके इशारे पर परोसी जा रही है। इस मामले में एसडीएम सदर अनिल कुमार का कहना है कि मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है और जांच कराकर आयोजक के खिलाफ आवश्यक कार्यवाई की जाएगी। वहीं पुलिस के अधिकारी सीओ सदर प्रवीण यादव का कहना है कि मामले की जांच कार्यवाई की जाएगी।



# संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सी आर ओ ने की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर ।** शनिवार को लगने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी हरिशंकर ने की। इस अवसर पर कुल 348 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 5 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। दिनभर रुक-रुक कर हो रही बरसात से आज फरियादियों की संख्या कम रही। आज एसडीएम फूलपुर अम्बरीश कुमार बिंद, सीओ रामसागर, नायब तहसीलदार विनय सिंह, बीडीओ प्रवीणा नंद, सुनील कुमार सिंह, मनोज सिंह, एडीओ एस के प्रकाश पटेल, एडीओ गुलाब चंद पांडेय, आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, एसडीओ विद्युत प्रांजल मिश्रा, पवन कुमार सिंह, एवं समस्त थानों के प्रभारी, आर आई, लेखपाल गण मौजूद रहे।



# हल्की सी बरसात में खंसार उपकेन्द्र पड़ा ठप्प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर ।** उपखंड अधिकारी फूलपुर के अंतर्गत खंसार उप केंद्र जो आए दिन दोनों हाथ खड़े कर देता है। 2 दिन पूर्व 17 घंटे तक आपूर्ति ठप्प रही। तो आज शनिवार को भोर 5 बजे से 2 बजे दोपहर तक ब्रेकडाउन नहीं अटेंड हो पाया। जेई से लेकर एसडीओ तक हाथ खड़े कर देते हैं। यहां के कर्मचारियों पर अफसर द्वय का कोई असर नहीं। यहां के कर्मचारी दिनभर आर्थिक लाभ के चक्कर में घूमते रहते हैं। एक विद्युत सखी का पति वैलेट लिए जेई बनकर घूमा करता है। अभी 2 दिन पूर्व खंसार का एक फीडर कई घंटा ब्रेकडाउन में था। तो आज शनिवार को भी समाचार लिखे जाने तक 10 घंटे से अधिक मैलहन फीडर ठप्प पड़ा है। बरसात में कटिंग आदि कराई नहीं जाती इसका फण्ड कहां जाता है कौन जाने। तहसील दिवस में बैठे एसडीओ से शनिवार की ब्रेक डाउन उनके बारे में बताया गया। परंतु उनको भी कोई ठोस प्रमाण उपकेंद्र से नहीं मिला। इस उपकेंद्र के जेई को तो उपकेंद्र वाले ही रिस्पांस नहीं देते। यदि यहां की व्यवस्था ठीक ना हुई तो लोग धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# डॉक्टर्स डे' पर नवाज़े गए चिकित्सक........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब उदीशा की ओर से 'डॉक्टर्स डे' पर शुक्रवार को शहर के चिकित्सकों का सम्मान किया गया। कर्नलगंज स्थित फ़ीनिक्स हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब उदीशा की अध्यक्ष डॉ. अमृता अग्रहरि ने फ़ीनिक्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय अस्थाना को चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। उन्होंने क्लब की चिकित्सक सदस्य डॉ. चित्रा पाण्डेय, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. सबिता दीक्षित तथा डॉ. वर्तिका श्रीवास्तव को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने कोरोना काल के समय डॉक्टरों के सराहनीय योगदान की चर्चा की। क्लब की सचिव शैली जैन ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन एडिटर स्वाति अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. ए. गुप्ता, डॉ. आरके सिन्हा, डॉ जेबी राय, डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. प्रबल नियोगी, डॉ. धनेश अग्रहरि, डॉ. विभा मालवीय, डॉ. अल्पना शर्मा, डॉ. स्मिता तथा डॉ. उर्मी नियोगी, क्लब की शालिनी अस्थाना, निधि यशार्थ, रेणुका, प्रतिमा, सारिका गुप्ता, गीता एवं ममता गुप्ता मौजूद रहीं।







# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 120 शिकायतें,09 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित किया गया जिसमें 120 शिकायतें आई 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 42, विकास विभाग से 04, चकबन्दी विभाग से 01, विद्युत विभाग से 04 एवं 27 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया जाता है, इसलिये त्वरित गति से किया जाय। उन्होंने यह भी अधिकारियां को निर्देशित किया कि जो भी शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आये, उनकी शिकायत को गम्भीरता के साथ सुना जाये तथा यथाशीघ्र उस शिकायत का निस्तारण करें। उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि एवं तालाबों पर जो




पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 120 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 09 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 120 शिकायतों में से 42 शिकायतें जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई है जनपद स्तरीय अधिकारी उनका स्वयं परीक्षण करते हुये समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का सन्तोषजनक समाधान हो सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं भी अवैध कब्जे किये गये है उनको राजस्व अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर मुक्त करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरते। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


## प्रवेश सूचना

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12 | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्र:– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# बिल्थरारोड के अधिशासी अधिकारी ने अभियान चलाकर 20 दुकानदारो से किया साढ़े तीन किलो प्लास्टिक जब्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** देशभर में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्मोकोल से बने उत्पाद पर बैन लग गए। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 के तहत 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टारिन वस्तुओं सहित अन्य वस्तुओं के निर्माण,भंडारण से लेकर बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। ऐसे मे जिले के आदर्श नगर पंचायत बिल्थरारोड मे आज शुक्रवार को शासनादेश के तहत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के




खिलाफ एक विशेष अभियान तहत आकस्मिक छापा मारकर नगर पंचायत के 20 दुकानदारो के यहा से साढ़े तीन किलो सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकॉल को बरामद कर जब्त कर लिया। इसके साथ ही डेढ़ किलो पॉलिथीन सार्वजनिक क्षेत्र से एकत्रित्र कर उसे नष्ट किया गया।नगर पंचायत के इस कारवाई से दुकानदारो मे हड़कंप मच गया।इस दौरान अधिशासी अधिकारी ब्रजेश कुमार गुप्ता ने नगरवासियों से अपील किया कि प्रतिबंधित पॉलिथीन एवं थर्माकॉल का उपयोग कदापि न करें। नगर पंचायत द्वारा यह निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र के किसी भी स्थान पर यदि कोई पॉलिथीन थर्माकॉल का उपयोग करता पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। बिल्थरारोड नगर पंचायत मे आज शुक्रवार को कार्यालय से बस स्टेशन, मेनरोड होते हुए चौधरी चरण सिंह तीनमुहानी तक अपने कर्मचारियों संग ईओ ब्रजेश कुमार गुप्ता ने शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण व पुनर्चक्रण तथा उसके संबंध मे लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया और कारवाई की।बिल्थरारोड नगर पंचायत की ओर से नगर पंचायत कर्मियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए इसे प्रयोग न करने की सलाह भी दी। आदर्श नगर पंचायत कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्लास्टिक एकत्रीकरण करने का कार्य किया।अधिशासी अधिकारी ब्रजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों एवं कर्मचारियों ने नगर में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से प्लास्टिक कलेक्शन का काम भी किया।इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सार्वजनिक रास्ते में पड़ी करीब डेढ़ किलो मिली प्लास्टिक को इकट्ठा किया।विगत दिनों से नगर में प्लास्टिक के विरुद्ध युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।जिस के संदर्भ में शुक्रवार को ईओ के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने नगर के सड़क से प्लास्टिक बटोरकर लोगों को जागरूक भी किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ब्रजेश कुमार गुप्ता बताया कि प्लास्टिक से पर्यावरण दूषित हो रहा है।उन्होंने अपने नगरवासियों से अपील की गई कि प्रतिबंधित पॉलिथीन एवं थर्माकॉल का उपयोग कदापि न करें। नगर पंचायत कर्मचारी द्वारा इस मुहिम को शत-प्रतिशत अमल मे लाने के लिए प्रयत्नशील है।नगर पंचायत के लोकप्रिय चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्ता ने इसी पखवाड़े मे नगर पंचायत कर्मियों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई थी।

# पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया आजादी के अमृत महोत्सव वाहन रैली को

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वाराणसी मंडल के विभिनन्‍ स्टेशनों पर एक जुलाई से 5 जुलाई तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा। इस पांच दिवसीय क्रम में शुक्रवार एक जुलाई को सुबह 9:30बजे बनारस स्टेशन के सेकेण्ड इन्ट्री पर रेलवे सुरक्षा बल जवानों के बैण्ड,मोटरसाइकिल रैली एवं एल ई डी विडियो वाहन को मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन)राहुल श्रीवास्तव,अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा)ज्ञानेश त्रिपाठी,अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) एसपी0एस यादव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक समेत सभी मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे। वाराणसी मंडल में आजादी का अमृत महोत्सव हार्षोल्लास पूर्व मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत बनारस स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल बैण्ड , एलईडी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली आज 01 जुलाई को आरम्भ



होकर बरेका, भुल्लन पुर रेलवे स्टेशन होते हुए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लहरतारा होते हुए वाराणसी सिटी पहुँची तदोपरान्त सारनाथ स्टेशन पहुँचकर समाप्त हुई। ज्ञातव्य हो कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी द्वारा आज 2 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल बैन्ड,एल ई डी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली औड़िहार,गाजीपुर सिटी एवं बलिया में आयोजित की जाएगी।इसी क्रम में 3 जुलाई को रेसुब बैन्ड एलईडी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली सहतवार, छपरा, छपरा कचहरी, सीवान, थावे एवं कप्तानगंज स्टेशनों पर भी आयोजित की जाएगी। आगामी 4 जुलाई,2022 को रेसुब बैन्ड एल ई डी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली देवरिया सदर,भटनी,लाररोड, सलेमपुर, बेल्थरा रोड, इंदारा एवं मऊ स्टेशनों पर आयोजित की जाएगी।5 जुलाई को रेसुब बैन्ड एल ई डी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली आजमगढ़, प्रयागराज रामबाग,ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह एवं राजातालाब स्टेशनों पर आयोजित की जाएगी। इस मोटर साइकिल रैली में पाँच बुलेट मोटर साईकिल साथ सह सवार के साथ मय साज सज्जा एवं आजादी की अमृत गाथा व रेलवे सुरक्षा बल की उपलधियों को प्रदर्शित करते विडियो वाहन,आगे एवं पीछे पायलेट स्कोर्ट के साथ इस मंडल में दो हिस्सों में अपनी यात्रा तय करते हुए मुख्यालय पहुँचेगी। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार उक्त सभी कार्यक्रमों का आयोजन वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा किया जाएगा।

# अशोक कुमार मिश्र पूर्वोत्तर रेलवे का नवागत महाप्रबन्धक शुक्रवार को किऐ प्रभार ग्रहण

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (गोरखपुर)।** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक श्री अशोक कुमार मिश्र ने आज शुक्रवार को



महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे का प्रभार ग्रहण कर लिया है। नवागत महाप्रबन्धक की लोकप्रियता और उनकी कार्यशैली से सभी अधिकारी वर्ग व कर्मचारियों मे हर्ष व्याप्त है। श्री अशोक कुमार मिश्र ने 1983 के स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस के माध्यम से भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा में प्रवेश किया। आपकी प्रथम नियुक्ति सहायक कारखाना प्रबन्धक (रिपेयर), दाहोद/पश्चिम रेलवे के पद पर हुई। आपने पश्चिम रेलवे, आर.डी.एस.ओ., उत्तर रेलवे पर विभिन्न उत्तरदायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके पश्चात आपने उत्तर मध्य रेलवे पर मुख्य चल स्टाक इंजीनियर, अपर मण्डल रेल प्रबन्धकप्रयागराज, मुख्य मोटिव पावर इंजीनियर डीजल एवं मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी एवं पूर्व मध्य रेलवे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के उत्तरदायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया। आपने इन्स्टीट्यूट ऑफ़ मेकेनिकल इंजीनियर्स,यू.के. से ए.एम.आई. (यांत्रिक) ई. की डिग्री तथा इन्स्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स, कोलकाता से ए.एम.आई.ई. (यांत्रिक), इंजीनियरिंग काउन्सिल, यू.के. से प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, इन्स्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स, कोलकाता से ए.एम.आई.ई. (मेट) तथा इग्नू से एम.बी.ए. की उपाधि प्राप्त की। श्री मिश्र को उत्तर मध्य रेलवे में अपर मंडल रेल प्रबन्धक/ प्रयागराज के पद पर कार्य करते हुये रेलमंत्री राजभाषा अवार्ड प्राप्त हुआ।मंडल रेल प्रबन्धक झांसी के पद पर रहते हुये आपने झांसी मंय चैथी लाइन का सर्वे आरम्भ कराया तथा झांसी स्टेशन डेवलपमेंट सहित अनेक उल्लेखनीय कार्य किये। पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के मुताबिक आपको रेल प्रबन्धन एवं प्रशासन का गहन अनुभव प्राप्त है। तथा आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय भी हैं।

# रेलवे सुरक्षा बल ने सवा करोड़ की रेल लाइन व इलेक्ट्रिक तार की चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना को दबोंचा

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।**रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। वाराणसी मंडल की रेलवे सुरक्षा बल टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। रेसुब की वाराणसी सिटी स्टेशन पोस्ट पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। घटना क्रम में 27 मार्च को कादीपुर स्टेशन यार्ड से भारवाहक वाहन और हाइड्रा के माध्यम से रेल लाइन चोरी करने जुर्म में उक्त के चालकों को गिरफ्तार कर मुकदमा संख्या 02/22 अंतर्गत धारा के तहत रेलवे सुरक्षा बल,पोस्ट वाराणसी सिटी टीम में अभय कुमार राय हेड कांस्टेबल विनोद सिंह,जनार्दन यादव सुधीर कुमार राय प्रभात कुमार मिश्रा एवं मनिंद्र यादव शामिल रहे। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे सुर्ख बल को गहन पड़ताल में पता चला की आरोपी ने अपराध करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति के आधार कार्ड से फर्जी सिम प्राप्त किया ,उसी सिम के माध्यम से



टीम ने अभी तक सवा करोड़ की रेलवे लाइन और इलेक्ट्रिक वायर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़ा गया व्यक्ति बलिया जनपद का निवासी है और चोरी का माल पटना में कई कारखानों से सांठ-गांठ कर बेचता था। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ पूर्वोत्तर रेलवे डॉ0अभिषेक कुमार ने बताया कि बीती 27 मार्च को कादीपुर स्टेशन यार्ड से अ्ण्श् और हाइड्रा से रेल लाइन चोरी करने के जुर्म में दोनों ही वाहनों के ड्राइवरों को गिरफ्तार किया गया था। इस सम्बन्ध में रेलवे सुरक्षा बल की में दर्ज किया गया। पुच-ताछ के दौरान उन्होंने बताया कि उनको किसी व्यक्ति ने मोबाइल पर निर्देशित कर उक्त अपराध करवाया है। उक्त मुकदमे की जांच निरीक्षक/ वाराणसी श्री अभय कुमार राय को सुपुर्द की गई उक्त मुकदमे की जांच सूक्ष्मता तथा परतदार तरीके से कर उक्त अपराधिक षड्यंत्र करने वाले सेवानिवृत्त आर्मी जवान रणविजय सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी हरदिया पोस्ट- थाना -सिकंदरपुर, जिला -बलिया, उम्र -38 वर्ष को सिकंदरपुर थाना बलिया के पास से समय 13:30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने गयी बात कर ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था कर खुले में पड़े रेल लाइन और बिजली के सरकारी सामान को चोरी कर पटना में बेचकर ठिकाने लगाया तथा अपराधकारित होने के उपरांत सिम और मोबाइल को नष्ट कर दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त ने अब तक दानापुर, भागलपुर, कहलगांव, बगहा, मुजफ्फरपुर तथा,नौगछिया स्थानों से चोरित माल का निस्तारण पटना (बिहार) में इकट्ठा कर विभिन्न कारखानों को बेच दिया। इस दौरान अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी के अनुसार अब तक चोरित संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग सवा करोड़ रूपये है।

# पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने डीआरएम संग गाजीपुर रेल खण्ड के दोहरीकरण को पुश ट्रॉली से किया गहन निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार मिश्रा ने डीआरएम रामाश्रय पाण्डेय संग आज शनिवार को बनारस स्टेशन से निरीक्षण विशेष गाड़ी से रवाना होकर वाराणसी-गाजीपुर सिटी रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग एवं गाजीपुर सिटी-करीमुद्दीनपुर खण्ड का पुश ट्रॉली से किया गहन निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोहरी के कायी की गुणवत्ता को बारीकी से परखा और कार्यो मे तेजी लाने सहित कई निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण श्री राजीव



कुमार मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय, अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रशा)श्री राहुल श्रीवास्तव, मुख्य इंजीनियर निर्माण श्री आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) श्री राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री त्रयम्बक तिवारी, उपमुख्य इंजीनियर निर्माण श्री गौरव गुप्ता,उपमुख्य इंजीनियर निर्माण श्री आई सी सुभाष, मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण श्री विनीत श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक गण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक श्री अशोक मिश्रा ने वाराणसी -गाजीपुर सिटी-करीमुद्दीनपुर खण्ड पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा एवं रेल परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण विशेष गाड़ी से रवाना होकर विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुये औड़िहार,सैदपुर भीतरी, नंदगंज, गाजीपुर सिटी, शाहबजकुली, एवं यूसुफपुर होते हुए करीमुद्दीनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान महाप्रबंधक ने गाजीपुर सिटी-करीमुद्दीनपुर रेल खण्ड के दोहरीकरण कार्यों को पुश ट्रॉली से गहन निरीक्षण किया और काम मे तेजी लाने हेतु संबंधित को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक ने गाजीपुर सिटी- करीमुद्दीनपु रेल खण्ड के सभी स्टेशनों पर दोहरीकरण से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा करते हुये स्टेशनों पर समुचित संसाधनों यथा पैदल उपरिगामी पुल, 24 कोचों के अनुरूप हाई लेवल प्लेटफॉर्म, स्टेशन पर विद्युत प्रकाश, हाईमास्ट लाइट के प्रावधान, पीने के पानी हेतु वाटर बूथ ,शौचालय, दिव्यांग यात्रियों हेतु रैम्प बनाने, मानक के अनुसार स्टेशनों पर यात्री सुविधा के विकास कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किये जाने का निर्देश दिया। महाप्रबन्धक श्री अशोक कुमार मिश्रा ने अपने निरीक्षण यान से रियर विंडो ट्रेलिंग के दौरान रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग की और इस खण्ड के स्थाई एवं अस्थाई सतर्कता आदेशों का संज्ञान लेते हुए सफर पूरा किया। उन्होंने संरक्षा के दृष्टिकोण से वाराणसी-गाजीपुर सिटी तक विन्डोट्रेलिंग निरीक्षण कर इस रेल खण्ड के रेलपथ,ओवर हेड ट्रैक्शन, कलर लाइट सिगनल, सूचना,चेतावनी बोर्ड ,यात्री सुख-सुविधाओं एवं गाजीपुर सिटी -करीमुद्दीनपुर के मध्य चल रहे दोहरीकरण कार्य की समीक्षा की। महाप्रबन्धक श्री मिश्रा ने वाराणसी-करीमुद्दीनपुर रेल खण्ड पर पड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों पर समुचित यात्री सुख-सुविधाओं के प्रबंधन समेत सार्वजनिक शौचालय एवं स्टेशनों पर पेयजल की निर्बाध आपूर्ति तथा स्टेशनों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। इस दौरान पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर व अशोक कुमार जनसम्पर्क विभाग पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी भी उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक की दिशा निर्देश मे पांच दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम तेज

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देश ने पांच दिवसीय आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वाराणसी मंडल के विभिनन्‍-स्टेशनों पर 1 जुलाई से 5 जुलाई,2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डा0अभिषेक के नेतृत्व में आज शनिवार को वाराणसी मंडल के आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वाराणसी सिटी स्टेशन पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी सिटी के सभी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों नें भाग लिया। इसी क्रम में वाराणसी मंडल के गाजीपुर सिटी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा




बल के जवानों द्वारा जल-सेवा अभियान चलाया गया जिसमें प्यासे यात्रियों को प्लेटफार्म एवं रेल कोचों में पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल की वीडियो वाहन एवं बैण्ड युक्त मोटर साईकिल रैली का आयोजन औड़िहार एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन परिसर में किया गया।वही रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा बनारस के प्राईमरी स्कूल के बच्चों को भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन की विभिन्न घटनाओं से परिचित कराया और आजादी के महत्व को समझाया गया। ज्ञातव्य हो की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वाराणसी मंडल पर आज 3 जुलाई,2022 को रेसुब बैन्ड एलईडी विडियों वाहन तथा मोटर साईकिल रैली सहतवार, छपरा,छपरा कचहरी,सीवान, थावे एवं कप्तानगंज स्टेशनों पर भी आयोजित की जाएगी।उक्त कार्यक्रमों का आयोजन वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा सम्पन्न किया जाएगा।इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी है।

# बलिया डीएम ने समाधान दिवस में सुनीं फरियाद131 शिकायतों में छह का मौके पर कराया निस्तारण........

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।**जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सभी तहसीलों में हुआ। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बैरिया तहसील में जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 131 मामले आए,जिनमें 6 का मौके पर निस्तारण कराया।शेष समस्याओं को उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया कि इसका त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस समाधान दिवस में भूमि विवाद,पेंशन, राशन,अवैध कब्जे आदि के मामले ज्यादातर आए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवाद में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना कर ले और हर सही व्यक्ति को न्याय दिलाएं। अवैध अतिक्रमण के मामले में उन्होंने कहा कि पूरी सख्ती से कहीं भी अवैध अतिक्रमण हो तो उसे हटवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण हो जाए। इस अवसर पर एसडीएम आत्रेय मिश्र व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जब डीएम ने अफसरों को गांव में सफाई चेक करने भेजा तहसील दिवस में आए कई अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कुछ गांवों में साफ सफाई चेक करने के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए हर गांव में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना है। माना जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा चेक करने के बाद अगर किसी गांव में सफाई की स्थिति ठीक नहीं मिलने की बात सामने आई तो संबंधित ग्राम प्रधान और सचिव की जवाबदेही तय हो सकती है।



# ट्रक ने बाइक सवार को पिछे से मारा धक्का पांच घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर ट्रक की चपेट में आने से चार लोग घायल हो गये ।सभी घायलो को चोपन

गीता उम्र लगभग 30 वर्ष व मनिष उम्र लगभग 02 भतिजी ज्ञान्ति उम्र लगभग 07 वर्ष पुत्री सूरजपती निवासी बघाडू को लेकर जुगैल घर को जा रहे थे।तभी डाला चढ़ाई पर तेलगुड़वा से आ रही ट्रक की



सीएचसी ले जाया गया है।घटना शुक्रवार की साम सवा 8 बजे का बताया रहा है।घटना के सम्बंध में बताया गया कि जुगैल ग्राम पंचायत निवासी सतवंत उम्र लगभग 35 वर्ष अपने ससुराल डाला पतनी व बच्चे संग आया था।जो अपनी मोटरसाईकिल द्वारा अपनी सास शांति उम्र लगभग 55 वर्ष ,पतनी चपेट में आने से चारो लोग घायल हो गये।सभी घायलो को चोपन सीएचसी ले जाया गया।घायलो में दोनो महिलाओं की हालत गंभीर बताया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर ने यातायात बहाल करवाकर ट्रक को अपने कब्जे ले लिया।

# स्वामी सत्यानंद सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओबरा में माता देवप्रिया नन्दा सरस्वती का मनाया गया जन्मदिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**ओबरा।** शुक्रवार को स्वामी सत्यानंद सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओबरा में माता देवप्रिया नन्दा सरस्वती का बड़े ही धूमधाम से स्कूल प्रशासन के तरफ़ से जन्मदिन मनाया गया और साथ ही साथ इस अवसर पर स्कूल कैंपस में सीबीएससी से 12वीं तक की मान्यता प्राप्त करने के पश्चात 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों का प्रथम दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल के प्रबंधक स्वामी जी और प्रधानाचार्य श्री शंकर सिंह एवं मुख्य अतिथि कमांडेंट ण्घ्इश्री एच एस शर्मा और नगर पंचायत अध्याक्षा श्रीमती प्राणमती देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य



अतिथि के रुप में कमान्डेंट ण्घ्इ एस एस शर्मा अध्यक्षा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्राणमती देवी महोदया ने उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक प्रस्तुत किया बच्चों के कार्यक्रम में विशेष कर नारी शक्ति को देखकर अभिभावक गण और मुख्य अतिथि बहुत खुश हुए इस अवसर पर ओबरा के विभिन्न सम्मानित किया अभिभावकों एवं स्कूल के स्कूल स्टाफ श्री संध्या गिरी किरण सिंह अन्जु गुप्ता दुर्गावती प्रियंका शुक्ला अम्बिका गिरी, रावेश कुमार,प्रभाकर, अखिलेश, आनिल ,ऐरिक आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# राज्य विवि के लिए निरीक्षण पर आएगी टीम


**सोनभद्र।** विंध्याचल मंडल में राज्य विवि की स्थापना के लिए शासन ने समिति गठित कर दी है। चार जुलाई को समिति मंडल के तीनों जिलों से भेजे गए प्रस्तावों का अवलोकन करने पहुंचेगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन के बाद समिति रिपोर्ट शासन को देगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही तय होगा कि विवि किस जिले में और कहां स्थापित होगा। मंडल के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के मकसद से प्रदेश सरकार ने विंध्य मंडल में राज्य विवि की स्थापना निणन्य लिया है। इसके लिए पिछले दिनों उपयुक्त जगह का चयन कर कमिशनर को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया था। ग्रामीण क्षेत्र में 50 एकड़ और शहरी क्षेत्र में 20-25 एकड़ जमीन की जरूरत बताई गई थी। कमिशनर के निर्देश पर तीनों जिलों में जमीन चिह्नित किए थे। सोनभद्र में घोरावल तहसील क्षेत्र के परसौना के पास जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके अलावा मिर्जापुर से दो और भदोही से एक जगह का प्रस्ताव कमिशनर के माध्यम से शासन को प्रेषित किया गया था। विवि की स्थापना के लिए इनमें से सबसे उपयुक्त जगह के चयन के लिए शासन ने समिति गठित कर दी है। यह समिति चार जुलाई को निरीक्षण के लिए जिले में आएगी। विवि की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पड़ताल के बाद वह अपनी रिपोर्ट शासन को प्रेषित करेगी।

# बेजुबान गौमाता को कुल्हाड़ी से मार कलयुगी इंसान ने किया घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिंता पाण्डेय**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली अंतर्गत रामनाथ यादव निवासी ग्राम महुअरिया दुद्धी का गाय खेत में चरते चरते दिनेश पुत्र अयोध्या के घर के तरफ चली गयी तो उस व्यक्ति के द्वारा कुल्हाड़ी से तत्काल टीम ने 30/06/2022 को दोषी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन,जिलाधिकारी सोनभद्र ,जिलाधिकारी सोनभद्र को मेल, व्हाट्सएप,ट्विटर पर अवगत कराया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए नवागत पुलिस अधीक्षक





गाय के पिछले हिस्से पर जोर से वार किया गया कुल्हाड़ी गाय के शरीर में ही फसी रह गयी गाय को चिल्लाते हुए गाय को पशु स्वामी ने देखा पशु स्वामी ने इस मामले में थाने तहरीर दी । जिसके बाद गौ रक्षक दल सोनभद्र की टीम ने गौ माता के इस असहनीय पीड़ा को खुद के पीड़ा समान समझ डॉ यशवीर सिंह जी के निर्देश में सन्दर्भित प्रकरण के सम्बंध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0 120/2022 धारा 428, 506 भादवि व 11 गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है व घायल गाय के शरीर से कुल्हाड़ी को निकालकर पशु चिकित्सक द्वारा उपचार कराया गया।

# मुर्धवा स्थित गोविन्द पेट्रोल पम्प के सामने कार और ट्रक मे हुई टक्कर 4 गंभीर रूप से घायल




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शैलेन्द्र कुमार**

**सोनभद्र (रेनुकूट)।** रात्रि लगभग 12:45 बजे मुर्धवा स्थित गोविन्द पेट्रोल पम्प के सामने कार और ट्रक मे आमने -सामने से भीषड़ एक्सीडेंट हो गया जिसमे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसको स्थानीय लोगों के द्वारा हिंडालको हॉस्पिटल मै प्रार्थमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया और पुलिस को भी सुचना दिया गया । जब हिंडालको हॉस्पिटल के डाक्टरों के द्वारा एम्बुलेंस नहीं दी जा रही थी।जिसकी सुचना सतवंत पटेल के द्वारा टीम निशा बबलू सिंह जी के सदस्यों के पास फोन कर के बताया गया तत्काल हॉस्पिटल पहुंच कर डाक्टरों से वार्तालाप कर के दो एम्बुलेंस की निशुल्क व्यवस्था कर चारो घायल हुये लोगों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रिफर किया गया घायल लोगों मे से तीन लोग शिवापार्क के रहने वाले है जिनका नाम आकाश मिश्रा, शशि,मुकेश शर्मा और एक सुल्तानपुर के रहने वाले है जिनका नाम नहीं पता चल पाया है। हम सभी लोग ईश्वर से प्रार्थना करते है की सभी लोग स्वस्थ होकर अपने घर परिवार मे जल्दी वापस आये।

# प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु की नेतृत्व मेंअपना दल यस के कार्यकर्ता डॉक्टर सोनेलाल पटेल की जयंती मनाने जाएंगे लखनऊ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**ओबरा (सोनभद्र)।** शुक्रवार को अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु की अध्यक्षता में अपना दल एस युवा मंच के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गई बैठक में अध्यक्षता कर रहे श्री आनन्द पटेल दयालु ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम कार्यकर्ता यशाःकायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी की जयंती मनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को लखनऊ इंदिरा गांधी भवन में चलने के लिए प्रेरित किया और कहां की हमारे डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी ने रोटी कपड़ा और मकान की लड़ाई को सही मायने में लड़ा और जिसकी वजह से वह दूसरी आजादी के महानायक कह लाए ऐसे महानायक के लिए हम सभी को लखनऊ में इंदिरा भवन पहुंचना है सही मायने में यह सभी काम करने वाले लोग जो मेहनतकश लोग हैं जो मेहनत करके अपना काम करते हैं चाहे वह जिस भी जाति धर्म में हो उनके महापुरुष के रूप में डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी विद्यमान हुए । इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष श्री महेश अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच जनाब शाहिद अली, महिला मंच विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती सोनी खान, महासचिव युवा मंच श्री दिनेश केसरी और तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## शादी का झांसा देकर उत्पीड़न का आरोप

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुंडाडीह गांव में एक युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर गर्भवती करने की शिकायत की है। थाने में दी तहरीर में युवती ने आरोप लगाया है कि चार वर्षो से उसका संबंध है। वर्ष 2019 में उसकी शादी हो जाने के बाद ससुराल वालों को डरा धमका कर युवक



नेउसका ससुराल छुड़ा दिया। इसके बाद युवक उससे शादी की बात कहता रहा। इसे लेकर पंचायत में उसने संबंधों को स्वीकार किया और पंचायत से उसे अपने घर ले गया। युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिनों बाद ही उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को मारने की साजिश रची गई। शनिवार को उसे घर से ही निकाल दिया गया। ऐसे में युवती ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी से मछली मारने पर हुई फायरिंग, किशोर घायल

**मिर्जापुर।** जंगल महाल के करहिया इलाके में शनिवार की शाम जरगो जलाशय में चोरी से मछली मारने के दौरान नाराज ठेकेदार के गुर्गो ने फायरिंग कर दी। इससे गोली का छर्रा लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन घायल किशोर को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है। रात को परिजनों ने चुनार पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने घटना स्थल अहरौरा क्षेत्र में होना बताया। रविवार को सुबह परिजनों ने अहरौरा पुलिस को सूचना दी। जिस पर अहरौरा पुलिस जांच करने पहुंची। बाद में मामला चुनार थाना क्षेत्र का ही निकला। जिस पर चुनार पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। जरगो जलाशय में जंगल महाल क्षेत्र से सटे कई गांव तथा पुरवे के लोग चोरी-छिपे मछली मारकर अपना पेट पालते हैं। शनिवार की शाम को कुछ लोग चोरी छिपे मछली मार रहे थे। सूचना पर अचानक पहुंचे ठेकेदार के गुर्गों को देखकर मछली मारने वाले भागने लगे। इस पर ठेकेदार के गुर्गो ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली का छर्रा लगने से बजवा बियाउर निवासी आकाश (15) पुत्र सिजई घायल हो गया। उसके शरीर में कई छर्रे लगे हैं। घायल किशोर की हालत देखकर



साथियों ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना चुनार पुलिस को दी गई, परंतु पुलिस ने अहरौरा थाने का मामला बताते हुए पल्ला झाड़ लिया। रविवार को सुबह घटना की जानकारी होने पर थानाध्यक्ष अहरौरा संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तो घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जांच में घटना स्थल चुनार थाने का निकला। घायल आकाश के पिता सिजई ने चुनार कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र वहां भैंस चरा रहा था। डैम की ओर से तीन-चार लोग आए और तमंचे से उसके पुत्र पर फायरिंग की। जिसमें उनका पुत्र घायल हुआ है। थानाध्यक्ष चुनार त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि एक नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ घायल के पिता सिजई ने तहरीर दी है। आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सीओ चुनार रामानंद राय का कहना है कि गोली का छर्रा लगने से किशोर घायल हुआ है। वह खतरे से बाहर है। उसका बयान लेने के लिए ट्रामा सेंटर गए थे। उसके पिता ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल मडिहान थाना क्षेत्र के विशनपुरा के पास शनिवार की रात सामने से आ रहे वाहन की रोशनी की चकाचौंध के कारण दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरने के बाद अचेत हो गए। राहगीरों की सूचना पर गश्त पर निकली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया मारकुंडी निवासी अमित कुमार (24) पुत्र चंद्रभान सिंह, रूपेश (25) पुत्र नंदलाल निवासी मारकुंडी सोनभद्र रिश्तेदारी में मिर्जापुर गए थे। लौटते समय विशुनपुरा के पास सामने से आ रहे ट्रक की लाइट के चकाचौंध में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार गिरकर अचेत हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया।

# कंडक्टर से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रौप समेत कई गांवों में रविवार को बस कंडक्टर से लूटपाट करने वाले फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की। कोतवाल दिनेश प्रकाश पांडेय, पुलिस चौकी लोढ़ी के प्रभारी विनय सिंह और चुर्क चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने रौप, लोढ़ी, कोराई घाट समेत अन्य



इस दौरान पुलिस ने फरार चल रहे एक लुटेरों को धर दबोचा। लुटेरे के कब्जे से लूट का 2200 रुपये भी बरामद हुआ। आरोपी का चालान कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने सभी सीओ और थानाध्यक्षों को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उक्त निर्देश के क्रम में रविवार को पूर्व में बस कंडक्टर से लूटपाट कर फरार चल रहे बदमाशों को पकड़ने के लिए फोर्स के साथ जगहों पर छापेमारी की। कोतवाल ने बताया कि चुर्क तिराह के समीप से एक लुटेरे को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लुटेरे घसिया बस्ती चुर्क तिराहा निवासी मिहू उर्फ मिठवा ने बताया कि पिछले माह टोल प्लाजा के समीप उसने अपने साथियों के साथ बस कंडक्टर सुखन्दन प्रजापति पुत्र रामलाल प्रजापति निवासी हरिहरपुर, थाना सरई, जनपद सिंगरौली से लूटपाट किया था। सीओ राजकुमार तिवारी ने बताया कि फरार चल रहे सात लुटेरों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# नाबालिग के हाथों मे वाहनो की कमान, खतरे में जान

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज समेत अन्य शहर में नियम-कायदों को ताख पर रख ऑटो समेत ई-रिक्शा दौड़ाए जा रहे हैं। वाहनों की कमान नाबालिगों के हाथ में पहुंच गई है। वह इसे लापरवाही और अनियंत्रित गति से सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों में ऐसी मनमानी देखी जा रही है। इन पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। परिवहन विभाग और पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए कई नाबालिग आटो, ई-रिक्शा, बाइक समेत अन्य वाहनों को चला रहे हैं। इनकी लापरवाही से अक्सर हादसे होते हैं। पुलिस विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो किलर रोड के नाम से चर्चित वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग, घोरावल-खलियारी मार्ग, तेलगुड़वा-कोन मार्ग- हाथीनाला-विंढमगंज समेत अन्य मार्गों पर हादसों में प्रत्येक वर्ष तीन सौ से अधिक लोग काल के गाल में समा जाते हैं। एक हजार से अधिक लोग घायल हो जाते हैं। अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से होती है। मोटर मालिक कम तनख्वाह देना पड़े इस लालच में अकुशल, नाबालिगों के हाथों में स्टेयरिंग थमा दे रहे हैं। इस नाते सड़क पर चलने में लोगों की जान खतरे में पड़ने लगी है। यातायात प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि बगैर लाइसेंस, 18 साल के कम उम्र के जो भी मिलते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। नाबालिगों को वाहन देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है।




# ट्रक के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत, तीन घायल

**मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के बथुआ पालीटेकिन्क कॉलेज के पास रविवार को सुबह ट्रक के धक्के से बाइक सवार दंपती और उनके दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस घायलों को उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गई। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। चील्ह थाना क्षेत्र के कमासिन गांव निवासी सेवालाल (45) अपनी पतनी मुन्नी देवी (40) पुत्री अनन्या (8) व हिमांशू (5) के साथ बाइक से सुबह घर से निकले थे। मुनने देवी की बहन सुशीला की ननद की छेकइया का कार्यक्रम रविवार को देहात कोतवाली के बिकना गांव में था। सभी बाइक से उसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में कटरा कोतवाली क्षेत्र के पालीटेकिन्क कॉलेज के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में धक्का मार दिया। इससे बाइक सवार सभी लोग गिरकर घायल हो गए। ट्रक का पहिया चढ़ जाने से मुनने को अधिक चोट लग गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस चारो घायलों को उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गई। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मुनने को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार किया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुनने देवी की मौत की घटना से उनकी बहन के घर खुशियों का माहौल गम में बदल गया।



# दूसरी पारी में भारत 125/3, पुजारा-पंत नाबाद, इंग्लैंड पर अब तक 257 रन की बढ़त

**नई दिल्ली।** पुजारी ने 139 गेंदों पर टेस्ट करियर का 33वां अर्धशतक जड़ा और नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, ऋषभ पंत उनका साथ निभा रहे हैं और 46 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 91 गेंदों में 50 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में 45 ओवर में तीन विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे और इंग्लैंड को पहली पारी में 284 रन पर समेट दिया था और 132 रन की बढ़त हासिल की थी। इस लिहाज से टीम इंडिया की दूसरी पारी में अब तक बढ़त 257 रन की हो चुकी है। भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने अच्छी बल्लेबाजी की है और तीसरे दिन के आखिरी ओवर में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 139 गेंदों पर टेस्ट करियर का 33वां अर्धशतक जड़ा और नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, ऋषभ पंत उनका साथ निभा रहे हैं और 46 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 91 गेंदों में 50 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। पुजारा ने इंग्लैंड में पांचवां अर्धशतक जड़ा। वहीं, यह सभी अर्धशतक उन्होंने भारत की दूसरी पारी में ही जड़े हैं। बात करें इस टेस्ट की तो दूसरी पारी में शुभमन गिल चार रन, हनुमा विहारी 11 रन और विराट कोहली 20 रन बनाकर आउट हुए। जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले भारत ने इंग्लैंड को पहली पारी में 284 रन





पर समेट दिया था। तीसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने जॉनी बेयरस्टो के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई। स्टोक्स 25 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बेयरस्टो ने सैम बिलिंग्स के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच बेयरस्टो ने अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया। यह उनका टेस्ट में लगातार तीसरा शतक रहा। बेयरस्टो को मोहम्मद शमी ने विराट कोहली के हाथों कैच कराया।बेयरस्टो 106 रन बना सके। इसके बाद सिराज ने बिलिंग्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और मैटी पॉट्स को पवेलियन भेज इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। एंडरसन छह रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, बुमराह ने तीन और शमी ने दो विकेट झटके। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। 416 रन का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड को शुरुआती तीन झटके दिए। उन्होंने एलेक्स लीस (6), जैक क्रॉली (9) और ओली पोप (10) को पवेलियन भेजा। जो रूट ने इसके बाद जॉनी बेयरस्टो के साथ मिलकर 34 रन की साझेदारी निभाई। रूट को मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ही ओवर में पवेलियन भेजा। रूट 67 गेंदों पर 31 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में रूट ने चार चौके लगाए। नाइट वाचमैन जैक लीच शून्य पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। दूसरे दिन बेयरस्टो 12 रन और कप्तान स्टोक्स बिना खाता खोले नाबाद लौटे थे।भारत की पहली पारी 416 रन पर सिमट गई। जेम्स एंडरसन ने मोहम्मद सिराज को आउट करके भारतीय पारी खत्म की। सिराज ने छह गेंदों में दो रन बनाए। एंडरसन की गेंद पर स्टुअर्ट ब्रॉड ने उनका कैच पकड़ा। वहीं, कप्तान जसप्रीत बुमराह 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। टीम का पहला विकेट 27 के स्कोर पर गिर गया था। गिल 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पुजारा भी 13 रन बनाकर आउट हो गए। हनुमा विहारी 20 और विराट कोहली 11 रन बनाकर आउट हुए। 98 रन पर भारत के पांच विकेट गिर गए थे। इसके बाद पंत ने जडेजा के साथ 222 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया को संभाला। उन्होंने 146 रन की पारी खेली। वहीं, जडेजा 104 रन बनाए। अंत में जसप्रीत बुमराह ने 16 गेंद में 31 रन बनाकर भारत का स्कोर 416 तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। वहीं, मैटी पॉट्स ने दो विकेट झटके। स्टुअर्ट ब्रॉड, बेन स्टोक्स और जो रूट के हाथ एक-एक सफलता लगी।

## भारतीय टीम के लिए खुशखबरी रोहित शर्मा ने कोरोना को हराया, आइसोलेशन से बाहर निकले

**नई दिल्ली।** रोहित पहले ही टी20 से टीम के साथ जुड़ जाएंगे। वहीं, टेस्ट टीम के सदस्य विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, बुमराह, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा दूसरे टी20 से जुड़ेंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरकार कोरोना को



हरा दिया है। रोहित के ताजा कोविड-19 टेस्ट का रिजल्ट निगेटिव आया है। इसी के साथ उन्हें आइसोलेशन से बाहर निकलने का मौका मिल गया है। रोहित सात जुलाई से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध होंगे। भारत के 35 वर्षीय कप्तान रोहित लीसेस्टरशायर के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच के दूसरे दिन कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। इस कारण इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ठहां, रोहित का रिजल्ट निगेटिव रहा है और चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार अब वह आइसोलेशन से बाहर हैं। हालांकि, वह नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 अभ्यास मैच में नहीं खेल रहे हैं, क्योंकि उन्हें पहले टी20 मुकाबले से पूर्व ट्रेनिंग और रिकवरी की आवश्यकता है। चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार, क्वारंटीन से बाहर आने वाले खिलाड़ी को फेफड़ों की क्षमता की जांच करने के लिए अनिवार्य हृदय परीक्षण से गुजरना पड़ता है। कोविड-19 होने के बाद यह जरूरी है। रोहित को टेस्ट मैच से एक दिन पहले तीसरी बार कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था। इस कारण जसप्रीत बुमराह को कप्तानी करनी पड़ी। रोहित पहले ही टी20 से टीम के साथ जुड़ जाएंगे। वहीं, टेस्ट टीम के सदस्य विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, बुमराह, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा दूसरे टी20 से जुड़ेंगे। पहले टी20 के लिए चुने गए ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, राहुल त्रिपाठी, वेंकटेश अय्यर और अर्शदीप सिंह को दूसरे और तीसरे टी20 के लिए नहीं चुना गया है।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का श्रीलंका से दूसरा मैच आज, सीरीज जीतना चाहेगी टीम इंडिया........

**नई दिल्ली।** पहले वनडे में कम स्कोर का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम चरमरा गया। हरमनप्रीत, हरलीन देओल, दीप्ति, पूजा वस्त्राकर वाले मध्यक्रम ने शुरुआती मुकाबले में भारत को जीत तक पहुंचाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को होने वाले दूसरे मैच में जीत से तीन मैचों की वनडे हैं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रही हैं, वह रन जुटाने के अलावा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से विकेट भी चटका रही हैं। पहले वनडे में कम स्कोर का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम चरमरा गया। हरमनप्रीत, हरलीन देओल, दीप्ति, पूजा वस्त्राकर वाले मध्यक्रम ने शुरुआती



श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी और साथ ही अपने शीर्ष क्रम विशेषकर सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद लगाएगी। स्मृति-शेफाली से फॉर्म वापसी की उम्मीद इससे पहले हुई टी-20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम करने के बाद भारत ने कम स्कोर वाले पहले मैच में 72 गेंद रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर वनडे श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली थी। इस आसान जीत के बावजूद भारतीय 'थिंक टैंक' को उप कप्तान स्मृति मंधाना और युवा शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी को लेकर कुछ चिंता बनी होगी। ये दोनों बल्लेबाज दौरे पर अभी तक कोई मजबूत साझेदारी नहीं बना सकी हैं जिससे टीम को तेज शुरुआत नहीं मिली है। मंधाना और वर्मा अब बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगी क्योंकि दौरे पर बस दो ही मैच बचे मुकाबले में भारत को जीत तक पहुंचाया।भारतीय गेंदबाज विशेषकर स्पिनर श्रीलंका की धीमी पिचों का अच्छा इस्तेमाल कर रही हैं और उन्होंने दौरे पर टीम की जीत में अहम भूमिका अदा की हैं। दाएं हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। हालांकि दीप्ति शर्मा (3/25) की ऑफ ब्रेक ने श्रीलंका की रीढ़ तोड़ दी जिससे मेहमान टीम पहले वनडे में महज 171 रन पर सिमट गई। मेजबानों पर लगातार दूसरी सीरीज गंवाने का खतरा श्रीलंकाई टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान अटापट्टू अपने बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करें। हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा और निलाक्षी डि सिल्वा ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उन्हें भागीदारियां निभाने की जरूरत है।

# बेयरस्टो ने पहली 65 गेंदों में बनाए थे 16 रन, फिर 75 गेंदों में बना डाले 90 रन, कोहली ने लिया बदला

**नई दिल्ली।** एक वक्त बेयरस्टो 65 गेंदों पर 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। इस घटना के बाद उन्होंने गियर बदला और अगले 75 गेंदों पर 90 रन बना डाले। 65 गेंदों के बाद अगले 16 गेंदों पर तो बेयरस्टो ने 34 रन बना डाले थे। भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट में तीसरे दिन भारी ड्रामा देखने को मिला। दरअसल, मैच के दौरान फील्डिंग कर रहे विराट कोहली बल्लेबाजी कर रहे इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो से भिड़ गए। दोनों के बीच काफी देर तक तू-तू-मैं-मैं देखने को मिली। इसके बाद कोहली ने बेयरस्टो से इशारों में मुंह बंद रखने के लिए भी कहा था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 32वें ओवर में घटी। तब शमी गेंदबाजी कर रहे थे। शमी की गेंदों पर बेयरस्टो परेशानी में दिख रहे थे। कोहली ने स्लिप से स्लेजिंग शुरू कर दी। कोहली ने कहा- बेयरस्टो को गेंद को छोड़कर सबकुछ दिख रहा है। इस पर बेयरस्टो भड़क गए और विराट को मुंह बंद रखने को कहा। इस पर कोहली बेयरस्टो के नजदीक पहुंचे और दोनों के बीच बहस हुई।अंपायर ने बीच बचाव करते हुए दोनों को एक-दूसरे से दूर किया। इसके बाद कोहली ने भी बेयरस्टो से मुंह बंद रखने का इशारा किया। मैदान में लाइव मैच के दौरान हुई इस घटना ने बेयरस्टो को भड़का दिया। एक वक्त वह 65 गेंदों पर 16 रन बनाकर बल्लेबाजी





कर रहे थे। इस घटना के बाद उन्होंने गियर बदला और अगले 75 गेंदों पर 90 रन बना डाले। 65 गेंदों के बाद अगले 16 गेंदों पर तो बेयरस्टो ने 34 रन बना डाले थे। बेयरस्टो ने टेस्ट करियर का 11वां शतक जड़ा। यह भारत के खिलाफ टेस्ट में उनका पहला शतक है। वहीं, टेस्ट में लगातार तीसरा शतक है। इससे पहले बेयरस्टो ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट में 136 और 162 रन की पारी खेली थी। वहीं, यह बेयरस्टो का लगातार चौथा 50 प्लस स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 136 रन बनाए। इसके बाद लीड्स में बेयरस्टो ने पहली पारी में 162 रन और दूसरी पारी में नाबाद 71 रन बनाए थे। अब भारत के खिलाफ उन्होंने शतक जड़ा। एक वक्त इंग्लैंड ने 83 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बेयरस्टो ने पहले स्टोक्स के साथ मिलकर 66 रन की साझेदारी निभाई। फिर सैम बिलिंग्स के साथ मिलकर 91 रन की साझेदारी निभाई। बेयरस्टो 140 गेंदों पर 106 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और दो छक्के लगाए। बेयरस्चो को शमी ने विराट कोहली के हाथों स्लिप में कैच कराया। इस तरह विराट ने बेयरस्टो से अपना बदला ले लिया। जब बेयरस्टो पवेलियन लौट रहे थे तो विराट ने उन्हें चिढ़ाने के लिए फ्लाइंग किस भी दी। भारत के 416 रन के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई। बेयरस्टो के अलावा सैम बिलिंग्स ने 36 रन, जो रूट ने 31 रन और बेन स्टोक्स ने 25 रन की पारी खेली। भारत की ओर से सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, बुमराह ने तीन और शमी ने दो विकेट झटके।

# बिलिंग्स के आउट होने पर नाचने लगे विराट कोहली तो कमेंटेटर सहवाग बोले- छमिया नाच रही है

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया यूजर्स ने सहवाग की जमकर क्लास लगाई है। लोगों ने सहवाग की आलोचना करते हुए कहा कि यह किस तरह





की कमेंट्री है सहवाग को अपनी भाषा पर ध्यान देनी चाहिए। भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के दौरान पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर वीरेंद्र सहवाग अपने एक बयान की वजह से चर्चाओं में हैं। दरअसल, इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान तीसरे दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे सैम बिलिंग्स का जब विकेट गिरा तो विराट कोहली खुशी में नाचने लगे। इस पर हिंदी कमेंट्री कर रहे सहवाग ने कोहली को छमिया कह कर बुलाया। इस पर सोशल मीडिया पर लोग सहवाग की आलोचना कर रहे हैं। दरअसल, इंग्लैंड की पारी के दौरान 60वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने सैम बिलिंग्स को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद फील्डिंग कर रहे कोहली डांस करने लगे। इस पर हिंदी कमेंट्री कर रहे मोहम्मद कैफ ने सहवाग से कहा- विराट कोहली का डांस तो देखिए। इस पर सहवाग ने कोहली का मजाक बनाते हुए कहा- छमिया नाच रही है। सहवाग का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने सहवाग की जमकर क्लास लगाई है। लोगों ने सहवाग की आलोचना करते हुए कहा कि यह किस तरह की कमेंट्री है। सहवाग को अपनी भाषा पर ध्यान देनी चाहिए। भारत ने ऋषभ पंत के 146 रन और रवींद्र जडेजा के 104 रन की बदौलत पहली पारी में 416 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई। जॉनी बेयरस्टो ने 106 रन की पारी खेली। वहीं, बिलिंग्स 36 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। भारत की ओर से सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, बुमराह ने तीन और शमी ने दो विकेट झटके। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही है।

## जर्मनी की टेनिस खिलाड़ी कोरस्पाच कोरोना संक्रमित, एक दिन पहले राफेल नडाल के साथ खिंचाई थी फोटो

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमित होने के बाद तमारा कोरस्पाच ने अपने अगले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वो अब फ्रांस में होने वाले अपने अगले टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगी। विंबलडन ओपन में



कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और संक्रमण से बचना खिलाडि़यों के लिए नई चुनौती हो गई है। अब जर्मनी की टेनिस खिलाड़ी तमारा कोरपास्च भी कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने एक दिन पहले ही टेनिस स्टार राफेल नडाल के साथ सेल्फी ली थी और अब उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव आने के बाद वह फ्रांस में अपने अगले टूर्नामेंट से हट गई हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब में शामिल खिलाडियों के बीच यह कोरोना का चौथा मामला है। कोरपास्च ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए लिखा ठमुझे बहुत तेज बुखार है, गले में खराश और ऐसा सिरदर्द जैसा मुझे पहले कभी नहीं हुआ। मै अगले कुछ दिनों तक अपने घर में क्वारंटीन रहूंगी। मुझे उम्मीद है कि मै जल्दी ठीक हो जाऊंगी और जल्द से जल्द कोर्ट पर वापसी करूंगी।अब तक ये खिलाड़ी हो चुके है बाहरविश्व टेनिस रैंकिंग में आठवें पायदान पर काबिज मातेओ बेरेटिनी और पिछले साल नोवाक जोकोविच से फाइनल में हारने वाले मारिन सिलिच ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नाम वापस ले लिया।

# तीसरे दिन का खेल खत्म, दूसरी पारी में भारत १२५/३, पुजारा ने १३९ गेंदों पर जड़ा अर्धशतक

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड की पहली पारी को 284 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। इस लिहाज से टीम इंडिया को दूसरी पारी में अब तक 257 रन की बढ़त हासिल हुई है। तीसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 45 ओवर में तीन विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। भारत ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे और इंग्लैंड को पहली पारी में 284 रन पर समेट दिया था और 132 रन की बढ़त हासिल की थी। इस लिहाज से टीम इंडिया की दूसरी पारी में अब तक बढ़त 257 रन की हो चुकी है। भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने अच्छी बल्लेबाजी की है और तीसरे दिन के आखिरी ओवर में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 139 गेंदों पर टेस्ट करियर का 33वां अर्धशतक जड़ा और नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, ऋषभ पंत उनका साथ निभा रहे हैं और 46 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद हैं।



दोनों के बीच अब तक 91 गेंदों में 50 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। दूसरी पारी में शुभमन गिल चार रन, हनुमा विहारी 11 रन और विराट कोहली 20 रन बनाकर आउट हुए। जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिला।भारत ने अपनी दूसरी पारी में 38 ओवर में तीन विकेट पर 108 रन बना लिए हैं। फिलहाल चेतेश्वर पुजारा अपने 33वें अर्धशतक के करीब हैं। वह 123 गेंदों पर 47 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। वहीं, ऋषभ पंत 17 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक चौथे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी हो चुकी है। टीम इंडिया की बढ़त भी अब 240 रन की हो चुकी है। विराट कोहली तीसरे विकेट के रूप में 20 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 38 ओवर में तीन विकेट पर 108 रन बना लिए हैं। फिलहाल चेतेश्वर पुजारा अपने 33वें अर्धशतक के करीब हैं। वह 123 गेंदों पर 47 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## दर्शक के ऊपर थूकने पर फंसे निक किर्गियोस, ऑल इंग्लैंड क्लब ने लगाया 7.89 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पहले दौर के मुकाबले में किर्गियोस ने ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी पॉल जब को 3-6, 6-1, 7-5, 6-7, 7-5 से हराया था। मैच के बाद किगिर्योस ने स्वीकार किया था कि उन्होंने एक दर्शक के ऊपर थूका था। उन्होंने कहा कि दर्शक उन्हें परेशान कर रहा था। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किगिर्योस पर विंबलडन में पहले दौर का मैच जीतने के बाद दर्शक के ऊपर थूकने पर दस हजार डॉलर (7.89 लाख रुपये) जुर्माना लगाया गया है। किगिर्योस पर यह जुर्माना गैर खिलाड़ी की तरह व्यवहार करने के लिए लगाया गया है। ऑल इंग्लैंड क्लब की ओर से विंबलडन में इस साल किसी खिलाड़ी पर लगाया गया यह अब तक का सबसे अधिक जुर्माना है। पहले दौर के मुकाबले में किगिर्योस ने ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी पॉल जब को 3-6, 6-1, 7-5, 6-7, 7-5 से हराया था। मैच के बाद किगिर्योस ने स्वीकार किया था कि उन्होंने एक दर्शक के ऊपर थूका था। उन्होंने कहा कि दर्शक उन्हें परेशान कर रहा था।

# राशिफल

**मेष-:** परिवर्तन और आत्मनिरीक्षण इस अवधि के दौरान सफलता की कुंजी है। आज आपको गुणवत्ता और प्रदर्शन पर जोर देना होगा।

**वृष-:** आज आपको करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मिथुन-:** आज धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी. कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा व्यस्त और तनावपूर्ण होगी। कार्यस्थल पर कार्यभार में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है।

**कर्क-:** आज आप अपने भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर अधिक उत्सुक रहेंगे और सही लोगों से सलाह लेंगे. प्रचुर मात्रा में आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

**सिंह-:** आज कार्यस्थल पर स्थिति अनुकूल रहेगी, लेकिन कुछ भी बोलते समय आपको सावधान रहना चाहिए. आप कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन कुछ और कहेंगे। इससे आपके आसपास के लोगों को कुछ गलतफहमी भी हो सकती है।

**कन्या-:** आपका ज्ञान और हास्य आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. आप अपनी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देख सकते हैं। यात्रा करने के लिए यह दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है।

**तुला-:** लंबे समय से प्रतीक्षित कानूनी मामले का अचानक लिया गया फैसला आपको हैरान कर देगा। परिवार आपके लिए प्राथमिक है और आप उन्हें खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज आपके वैवाहिक संबंधों के बीच की दूरियां खत्म होंगी. वहीं रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन किसी व्यावसायिक मामले को लेकर आप परेशान हो सकते हैं।

**धनु-:** आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपके लिए कुछ फैसलों में सटीकता हो सकती है। आत्मविश्वास से जोखिम भरे कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मकर-:** आज के दिन आप तर्क-वितर्क और जिद्दी हो सकते हैं. आप खुद को कठिन परिस्थितियों में पा सकते हैं। जहां तक ??हो सके वाद-विवाद से दूर रहें। परिवार के सदस्य तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

**कुंभ-:** आज आपको कार्यक्षेत्र में वृद्धि के कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे. आपको उधार दिया हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर कर सकते हैं। रिश्तों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन-:** आज आपका दिन सुकून भरा रहेगा मनोरंजन और पढ़ाई के क्षेत्र में समय व्यतीत होगा. आपके काम को लेकर कोई नई योजना बन सकती है।

## सम्पादकीय


# कश्मीर समस्या का समाधान पहले क्यों नहीं हो सका

कश्मीर समस्या का समाधान पहले क्यों नहीं हो सका? इसका एकमात्र कारण तुष्टिकरण है। घाटी की राजनीति में बह रही अलगाववादी बयार ही कश्मीर समस्या का मुख्य कारण है। हमने जब पहली व फिर दूसरी सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तो वह समस्या से ऊपर निकल जाने जैसा समाधान था। इसके परिणामस्वरूप भारत व पाकिस्तान के संबंधों में गुणात्मक अंतर आ गया। 'हमारे पास एटम बम है.' जैसी भाषा फिर नहीं सुनी गई। फिर अनुच्छेद 370 व 35ए को निष्प्रभावी करना, कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करना, ऐसा ही अकल्पनीय-सा कार्य था। अब भारत-पाकिस्तान का शक्ति समीकरण स्थायी रूप से बदल गया, लेकिन समाधान को राजनीतिक तार्किक परिणति तक पहुंचाना आवश्यक था, जो फिलहाल उलझा हुआ है। कश्मीर समस्या का समाधान पहले क्यों नहीं हो सका? इसका एकमात्र कारण तुष्टिकरण है। घाटी की राजनीति में बह रही अलगाववादी बयार ही कश्मीर समस्या का मुख्य कारण है। अतः घाटी की राजनीति को नेपथ्य में ले जाना आवश्यक है। पश्चिमी पर्वतीय कश्मीर घाटी के गूजर-बकरवालों को देश से सीधे जुड़ने का अवसर नहीं मिला। अब यदि पश्चिमी कश्मीर के चार पर्वतीय जिलों को अलग प्रशासनिक इकाई या एक अतिरिक्त केंद्र शासित प्रदेश स्वीकार कर लिया जाए, तो कश्मीर घाटी एक छोटी राजनीतिक इकाई रह जाएगी। इस तरह इस सीमित समस्या क्षेत्र को संभालना आसान हो जाएगा और कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने का रास्ता भी निकल सकता है।हमने तीन कृषि कानूनों का हश्र देखा है। इसका उद्देश्य तो कृषि को मंडी नियंत्रण से मुक्त करना था, लेकिन नकारात्मक प्रचार असल उद्देश्य पर, कृषकों के हित पर इतना भारी पड़ गया कि जनहित के कानून वापस लेने पड़ गए, यह भी अकल्पनीय था। हम किसानों को उनका हित समझा न सके। हम फिर उलझाव के शिकार हो गए। अब अगिन्वीर सेना के बदलाव के प्रारंभ की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना पर एक विवेकपूर्ण चर्चा हो सकती है, लेकिन हिंसक प्रतिक्रियाओं ने गुंजाइश ही नहीं बनने दी। पहले दिन से ही हिंसा, आगजनी का माहौल बना दिया गया। अगिन्वीर जैसी योजनाएं देश में पांच वर्षीय आपातकालीन / शॉर्ट सर्विस कमीशन के रूप में सन 1962 से चली आ रही हैं। अब वे पांच वर्ष से बढ़कर 10 प्लस चार वर्ष की हो चुकी हैं और चल रही हैं। शार्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों से कभी किसी ने नहीं पूछा कि पांच साल के बाद क्या करोगे सेना ने हमें सक्षम बनाया। वे अधिकारी नेतृत्व के गुणों के दम पर कॉरपोरेट जगत में, व्यापार-कारोबार में, उद्योग-पर्यटन में चले गए। कुछ बैंकों, पब्लिक सेक्टर में, कुछ हमारे जैसे लोग प्रशासन, पुलिस में अपनी क्षमताओं के दम पर परीक्षाओं द्वारा चयनित हो गए। जवानों के स्तर पर तो यह प्रथम परिवर्तन है और निश्चय ही सेना की बेहतरी के लिए है। आप चाहें तो इसे सैनिकों का छह माह नहीं, बल्कि चार वर्ष लंबा वेतन सहित प्रशिक्षण मान सकते हैं, जिसके बाद इनमे से 25 फीसदी स्थायी कर दिए जाएंगे। शेष जैसी कि घोषणाएं की गई हैं, अर्धसैनिक बलों, सिविल पुलिस व सिविल विभागों में समायोजित किए जाएंगे। तो फिर समस्या कहां है अगिन्वीर से चार वर्ष बाद आप बाहर आ सकते हैं। बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर आज सेना को ही नहीं, समाज को भी सक्षम होने की आवश्यकता है। सिविल सेवा, व्यापार, उद्योग, सेवाओं आदि प्रत्येक क्षेत्र में उद्यम की भावनाओं को जगाने की आवश्यकता है। विभाजनकारी सोच से मुकाबले की क्षमता समाज में होनी चाहिए। इस सेवा में वे आएं, जो सीमाओं के साथ-साथ समाज को भी अपनी सेवाएं देने को प्रस्तुत हों। यदि हम अगिन्वीरों की सार्थकता का यह विमर्श राष्ट्र-समाज के सामने लाएं, तो हम अस्थायी समस्याओं के इन बादलों का अतिक्रमण कर उनसे पार निकल जाएंगे। स्थानीय राजनीतिक हित राष्ट्रीय नीतियों के सम्मुख चुनौती बन रहे हैं। अब राज्य-केंद्र के विवाद में समाधान की राह हमवार कैसे हो, यहां यह एक बड़ा सवाल सामने खड़ा हो जाता है। समस्या एक दायित्व है। हम उसमें राजनीति न देखें, समाधान देखें। जब समाधान का मार्ग खोजेंगे, तभी समाधान दिखेगा।



# प्राकृतिक विकास : भविष्य की कोख में बंजरता के बीज, मानव जाति की हिरासत में 'अपराजेय' ब्रह्मांड

जब तक विज्ञान हमारे धर्म-दर्शन का अभिनन्‍अंग था, उसका स्वरूप मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया। मानव सभ्यता ने प्राकृतिक विकास की एक ऐसी स्थिति प्राप्त कर ली है, जहां मानव प्रजाति का संपूर्ण जीवन और सारे जीवित ग्रह पर नियंत्रण है। संपूर्ण जैवमंडल, ग्रह, यहां तक कि 'अपराजेय' ब्रह्मांड भी अब मानव जाति की हिरासत में है। किसी एक जीव का इतना विराट वर्चस्व! क्या यह प्राकृतिक विकास का लक्ष्य था शारीरिक शक्ति में अनेक प्रजातियों से निर्बल होने पर भी सारे जीवों के नियंता के रूप में अस्तित्व में आए मानव के विकास की गाथा के केंद्र में है उसकी बुद्धि की अद्भुत क्षमताएं और उसके नट-बोल्ट कलाओं वाले हाथों की रचनाएं। मानव ने पृथ्वी के जैवमंडल के इतर एक विराट अंतरिक्ष क्षेत्र में अपना अस्तित्व जमा लिया है, जिसे हम मानव प्रभा मंडल अथवा बौद्धिक मंडल कह सकते हैं। नक्षत्रों, ग्रहों, चंद्रमाओं और क्षुद्र ग्रहों से लेकर ब्लैकहोल तक की खोजें हमने कर ली हैं। इन उपलब्धियों के उपरांत भी हम संतृप्त नहीं हुए, इसलिए अपने बौद्धिक मंडल की परिधि बढ़ाते जा रहे हैं। और संभवतः निकट भविष्य में हमारा प्रभा मंडल ब्रह्मांड की अनंतता तक विस्तार ले लेगा। मानव की ऐसी अकूत प्रगति में सबसे बड़ा हाथ रहा है उसी के द्वारा आविष्कृत और विकसित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का। दोनों का एक ही लक्ष्य रहा



है : प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन। आर्थिक वृद्धि को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए अंधाधुंध प्रतिस्पर्धा चली, तो प्रकृति का विनाश चरम की और बढ़ता चला गया। लाखों-करोड़ों वर्षों में अस्तित्व में आए और समय के साथ पौधों, जंतुओं और सूक्ष्म जीवों की असंख्य प्रजातियों से वैभव पर पहुंचे पृथ्वी के जीवन से जुड़े पवित्रता के भाव विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने तार-तार कर दिए हैं। निष्ठा, परोपकार, नैतिकता आदि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी का कोई सरोकार नहीं। सरोकार है तो बस अधिकतम दोहन, अधिकतम आर्थिक वृद्धि, अधिकतम प्रदूषण से। विज्ञान के वे पहलू मानव सभ्यता में समावेशित होने चाहिए, जो कल्पनाओं को पंख देने में सहायक हैं, जो एक गहरे और सकारात्मक जीवन-दर्शन के साथ गुंथे हुए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह स्वरूप स्वीकार्य है, जो हमें ब्रह्मांड की गुत्थियों को सुलझाने में सहायता करे, दूसरे ग्रहों पर जीवन का प्रादुर्भाव कर सके। जब तक विज्ञान हमारे धर्म-दर्शन का अभिन्न अंग था, उसका स्वरूप प्रकृति संवर्धन और मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया, और सामाजिक-आर्थिक विषमताओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय तनावों और प्रचंड युद्धों तक इसकी बढ़-चढ़कर भूमिका रही। अगर विज्ञान का काम मानव की सेवा करना था, मानव कल्पनाओं को पोषित करना था, कला और दर्शन को समृद्ध करना था, तो वह जीवन-विनाशक कैसे हो गया प्रशन यह है कि हमारी वर्तमान सभ्यता की प्रसन्नता का स्तर कितना ऊंचा है। किसी व्यक्ति, समूह, समाज, राष्ट्र और सभ्यता की उत्कृष्टतम उपलब्धि क्या है यदि विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही सर्वोत्तम उपलब्धि के मानक होते, तो यह दुनिया खुशहाली के चरम पर होती। भूख, प्यास, कुपोषण, महामारियों, युद्धों, आतंकवाद और ईर्ष्या-द्वेष-वैमनस्य के साये में मर-खप रही दुनिया में कहीं भी आनंद की कोई लहर दिखाई पड़ती है? भविष्य की कोख में बंजरता के बीज हैं यदि कोई सभ्यता सही दर्शन को विकसित नहीं करती, उसका अनुसरण नहीं करती और उसको विस्तार नहीं देती, तो वह अपनी खुशियों को अक्षुण्ण नहीं रख सकती। ऐसी सभ्यता क्षुद्र लक्ष्यों को प्राप्त करने का सहारा लेती है तथा अपनी गहनता के साथ अस्तित्व में नहीं रहती। यदि कोई सभ्यता ऐसे दर्शन का अनुसरण करती है, जो जीवंत सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थानों, ज्ञान, आध्यात्मिकता, रचनात्मकता, सौंदर्य, और स्वतंत्रता में योगदान दे, तो यह निश्चित है कि वह निरंतर और अंतहीन रूप से जीवनदायिनी सुखों और खुशियों के बीच खिलती रहेगी। जीवट भरी सभ्यता वही होती है, जो प्रफुल्लताओं से ओतप्रोत वातावरण में फूलती-फलती है। भारतीय सनातन सभ्यता के सहस्राब्दियों से अनवरत अपनी आभा फैलाने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि हमने जिस गहरे ज्ञान की सर्जना की है, वह स्वयं में आंनद का अकूत स्रोत है। आए दिन पर्व मनाना, पौधों और जंतुओं से लेकर मिट्टी, पर्वत, नदियों और सूर्य के प्रति पवित्रता के भाव और जीवन का जयकारा करने वाले सनातन धर्म की नींव पर अटल खड़ा और दुनिया को ज्ञान मंत्र देने वाला भारत स्वयं में पृथ्वी और ब्रह्मांड की सबसे अद्भुत, प्रेरणा-भरी और जीवटता का संचार करने वाली गौरव गाथा है। यदि विज्ञान प्रकृति-विनाशक रूप में रहा होता, तो भारतीय सभ्यता का भी वही हाल हुआ होता, जो अन्य सभी विलुप्त सभ्यताओं का हुआ है। लेकिन अर्थाधारित कालखंड के इस मोड़ पर कोई एक सभ्यता एकल रूप में नहीं खिल सकती। सब एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर हैं। फिर भी दुनिया की प्राचीनतम भारतीय सभ्यता विश्व की समकालीन उभयनिष्ठ सभ्यता को वे सभी जीवन-मूल्य और सनातन दर्शन दे सकती है, जो आशाओं, हरीतिमा और सर्जना-सजग आनंद से भरे भविष्यों का निर्माण करने में सक्षम है।

# खेल : कमाल कर सकती है महिला हॉकी टीम, मिटाएगी टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर पदक से वंचित होने का मलाल

भारत ने चीन को तो कई बार हराया है। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ उसका रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। यह जरूर है कि न्यूजीलैंड की टीम कोविड के कारण पिछले दो सालों में कम ही खेली है और इस बार एफआईएच प्रो लीग में भी खेलने नहीं उतरी। भारतीय महिला हॉकी टीम का पुरुषों की तरह इतिहास चमकदार तो नहीं है। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में वह भले ही पोडियम पर चढ़ने में कामयाब नहीं हो सकी, पर उसने अपने जानदार प्रदर्शन से अपना नाम दुनिया की धाकड़ टीमों में शुमार जरूर करा लिया। टीम में आए इस बदलाव का ही परिणाम है कि सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय टीम से नीदरलैंड और स्पेन में शुरू हो रहे एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में भारत के पोडियम पर चढ़ने की उम्मीद की जा रही है। भारतीय टीम में आए इस बदलाव का श्रेय पाने के हकदार निश्चय ही टोक्यो ओलंपिक तक टीम के कोच रहे शोर्ड मारिन हैं। उन्होंने टीम की खिलाडियों के कौशल को मांजने के साथ यह विश्वास बनाया कि उनमें हर टीम को फतह करने का माद्दा है। हम सभी जानते हैं कि भारतीय महिला हॉकी टीम के पास सफलताओं के नाम पर 1982 के मास्को ओलंपिक में चौथा स्थान, 1974 के तेहरान विश्व कप में चौथा स्थान और 1982 के एशियाई खेलों



में स्वर्ण पदक के अलावा कुछ एशिया कप की सफलताएं ही हैं। तेहरान विश्व कप के समय तक महिला हॉकी बाकी देशों में बहुत लोकप्रिय नहीं थी और मास्को ओलंपिक में तमाम देशों ने भाग ही नहीं लिया था। वहीं 1982 के एशियाई खेलों का घर में आयोजन होने का लाभ मिला था। सही मायनों में पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में चौथा स्थान पाने की बाकी सभी सफलताओं से ज्यादा अहमियत है। हमारी टीम टोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से कड़ा संघर्ष करने के बाद 3-4 से हार गई थी, हमारी खिलाडियों की आंखों में पदक न जीत पाने की वजह से आंसू थे। उस समय मारिन ने कहा था कि मैं तुम्हारे आंसू तो नहीं पोंछ सकता। पर मुझे तुम्हारी इस हार पर भी फख्र है, क्योंकि तुमने पदक के अलावा बहुत कुछ जीत लिया है और सारे देश को प्रेरित करने के साथ गौरवान्वित किया है। मारिन की इस बात में दम है, क्योंकि यहीं से भारतीय महिला हॉकी को नया जन्म मिला है। इसका एहसास टीम ने पिछले दिनों एफआईएच प्रो लीग में पहली बार भाग लेकर कराया। इसमें भारतीय टीम ने अर्जेंटीना के अलावा नीदरलैंड, जर्मनी, स्पेन के खिलाफ एक-एक जीत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत को इस विश्व कप में इंग्लैंड से खेलकर पूल बी में अपना अभियान शुरू करना है। पर दुर्भाग्य से हमारी टीम को प्रो लीग में उसकी ताकत का आकलन करने का मौका ही नहीं मिल सका। असल में इस मुकाबले के समय कोविड के फैल जाने और इंग्लैंड की कई खिलाडियों के चोटिल होने की वजह से वह टीम उतारने की स्थिति में ही नहीं थी। इसलिए इस साल अप्रैल की शुरुआत में इन दोनों मैचों को रद्द करके भारत को पूरे छह अंक दे दिए गए थे। इस विश्व कप के फॉर्मेट के हिसाब से भारतीय टीम यदि सीधे क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाना चाहती है, तो उसे अपने पूल में चीन और न्यूजीलैंड को हराकर पहला स्थान प्राप्त करना होगा। भारत ने चीन को तो कई बार हराया है। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ उसका रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। यह जरूर है कि न्यूजीलैंड की टीम कोविड के कारण पिछले दो सालों में कम ही खेली है और इस बार एफआईएच प्रो लीग में भी खेलने नहीं उतरी। इसका फायदा जरूर भारतीय टीम को मिल सकता है। लगभग दशक पहले तक भारतीय महिला टीम सुविधाओं की कमी से जूझती रही थी। इस कारण उसे अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी कम ही मिल पाता था। ओलंपिक और विश्व कप से पहले एक-दो विदेशी दौरे ही तैयारियों के लिए मिल पाते थे। लेकिन पिछले कुछ सालों में इस स्थिति में सुधार हुआ है। रानी रामपाल के चोटिल होने की वजह से पिछले एक साल से टीम का नेतृत्व संभालने वाली सविता पूनिया कहती हैं, 'प्रो लीग में भाग लेने से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलने और टॉप टीमों के खिलाफ खेलने से हमारी विश्व कप की अच्छी तैयारी हुई और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा है। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर पदक से वंचित होने का मलाल हमें आज भी है। हमने अपनी इस गलती से बहुत कुछ सीखा है और हम इसे सुधारने के लिए बेताब हैं।' उनकी बातों में दम है, इसीलिए उनकी टीम से उम्मीद है।

# स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है डॉक्टर-मरीज के बीच विश्वास, मौजूदा हालात चुनौतीपूर्ण

चिकित्सा को हमेशा से एक नोबल पेशे में गिना गया है। सहज शब्दों में कहें तो एक ऐसा पेशा जहां आपके हाथ में ईश्वर सुपर पॉवर दे देता है। इसे चाहे आस्था कहें, विश्वास कहें या चमत्कार, चिकित्सा जगत में ऐसे कई घटनाक्रम आम हैं जहां गम्भीर बीमारी या दुर्घटना से जूझ रहा व्यक्ति भी मौत के मुंह से वापस आ जाता है। इसमे ईश्वर की माया के साथ डॉक्टर की काबिलियत और खुद मरीज का विश्वास भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है चिकित्सा को हमेशा से एक नोबल पेशे में गिना गया है। सहज शब्दों में कहें तो एक ऐसा पेशा जहां आपके हाथ में ईश्वर सुपर पॉवर दे देता है। इसे चाहे आस्था कहें, विश्वास कहें या चमत्कार, चिकित्सा जगत में ऐसे कई घटनाक्रम आम हैं जहां गम्भीर बीमारी या दुर्घटना से जूझ रहा व्यक्ति भी मौत के मुंह से वापस आ जाता है। इसमें ईश्वर की माया के साथ डॉक्टर की काबिलियत और खुद मरीज का विश्वास भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौर कीजिएगा कि यहां डॉक्टर की काबिलियत भी उपरोक्त दो चीजों के साथ जुड़ी है। कोई भी डॉक्टर आपको यह गारंटी नही दे सकता कि वह आपको चमत्कारी रूप से स्वस्थ कर देगा। यह आपका उसके प्रति विश्वास होता है जिसको बनाए रखने के लिए वह खुद को झोंक देता है। ऐसे में बिना गलती अगर डॉक्टर्स को ही हर बात के लिए दोषी ठहराया जाए तो क्या ये नाइंसाफी नहीं होगी मेरे बेटे के पीडियाट्रिशियन के क्लिनिक के ठीक पास एक खोमचे वाला चाट और पानी पूरी बेचता है। अक्सर उस जगह पर कॉलेज स्कूल के विद्याथिर्यों की भीड़ लगी रहती है क्योंकि वहां आस पास-कई शिक्षण संस्थान हैं, ये तो हुई आम बात। क्लिनिक का समय आमतौर पर शाम का होता है जो कि डिनर का भी समय होता है। मैंने ये अनुभव किया है कि जो पैरेंट्स अपने बीमार बच्चों को लेकर आते हैं वे अक्सर डॉक्टर साहब का इंतज़ार करते हुए या चेकअप के बाद जाते समय खुद तो उस खोमचे से लेकर चीजें खाते ही हैं, बीमार बच्चे को खिलाने से भी नही हिचकते। 15 मिनिट पहले जिस बच्चे को डॉक्टर ने ठंडी-चटपटी चीजें खाने से परहेज करने को कहा, वो अपने ही माता पिता की छत्रछाया में पानी पूरी खा रहा होता है। वो भी डिनर की जगह, अब अगर बच्चा ठीक न हो, उसकी तबियत ठीक न हो तो सारा दोष डॉक्टर का। बिना पलक झपके डॉक्टर को खराब बता दिया जाता है। यहां उस गरीब खोमचे वाले को भी दोष देने का मतलब नहीं क्योंकि उसने आपको कसम नहीं दी कि मेरे खोमचे का खर्चा आपसे ही चलता है, कसम है कुछ तो खा जाओ, उसे तो शायद ये भी नहीं पता कि आप डॉक्टर के पास से चेकअप करवा कर आ रहे हैं यह सच है कि आज भारत में कम प्रशिक्षित डॉक्टर्स व फर्जी



डिग्रीधारियों की संख्या और बढ़ी है। यह भी सच है कि जांच और इलाज के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लेने वाले अस्पताल भी खड़े हुए हैं लेकिन इन दोनों की ही सबसे बड़ी कीमत जो चुका रहा है, वह है एक अच्छा प्रोफेशनल जो अच्छा इंसान भी है। जो अपने अनुभव और प्रशिक्षण के बल पर मरीज़ों को सेवा देने को आतुर है।अब आते हैं उस पक्ष पर जिसकी आमतौर पर लोग शिकायत करते हैं। यहां दो बातें गौर कीजिए। पहली चीज है चिकित्सा सम्बन्धी जानकारी का असंतुलन। यह हमारे देश की सबसे बड़ी विडंबना है। वर्तमान में दो तरह के लोग हमारे देश मे हैं। एक वे जो बिना जानकारी अपने मन से दवाएं लेते हैं और बीमारी बिगड़ने पर डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। दूसरे वे जो इंटरनेट पर बीमारियों के बारे में पढ़कर खुद डॉक्टर बनकर डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, और अपने अधूरे ज्ञान के दम पर वे डॉक्टर के इलाज में ही कमी निकालने लगते हैं। इन सबसे इतर खतरा यहां भी है कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी हर तकनीक, दवाओं व अन्य सुविधाओं के बारे में न तो आमजन को सहज जानकारी ही होती है, न ही उन तक आसान पहुंच ही होती है। इसलिए सही प्रोफेशनल तक पहुंचने में ही काफी वक्त बर्बाद हो जाता है। आज से कुछ महीनों पहले राजस्थान के दौसा में डॉक्टर अर्चना शर्मा द्वारा जान देने की जो घटना घटी थी, वह महज एक डॉक्टर की मौत नहीं थी। वह उस पूरे विश्वास की मौत थी जिसने डॉक्टर के पेशे को नोबल यानी पवित्र काम की श्रेणी में रखा है। कहा जाता है कि धरती पर डॉक्टर ईश्वर के भेजे दूत हैं, लेकिन ये दूत इंसान के रूप में काम करने आये हैं। यह बात भी ध्यान में रखना जरूरी है। डॉक्टर अर्चना शर्मा की गलती यह थी कि उन्होने अन्याय के खिलाफ लड़ने की बजाय जान देना बेहतर समझा। उनका पूरा परिवार टूट गया जो अब वापस नहीं जुड़ सकता। उनके परिवार में अब शायद ही कोई डॉक्टर बनना चाहे। एक डॉक्टर बनने के लिए जीवन के कम से कम 7-9 साल पूरी मेहनत और समर्पण से काम करना होता है। स्पेशलाइजेशन के बाद की ट्रेनिंग और प्रैक्टिस को जोड़ दें तो एक अच्छा डॉक्टर बनने में कम से कम 12-15 साल का समय लगता है। ऐसे में एक विशेषज्ञ को खो देने का महत्व आज नही, आज से कुछ सालों बाद पता चलेगा। कुछ समय पहले एक परिचित डॉक्टर, मेडिकल फील्ड की बात करते-करते व्यथित होकर बोले- अच्छे डॉक्टर्स आ ही कहाँ रहे हैं। जो हैं उनका प्रतिशत बहुत कम है। कोरोना के दौरान वैसे भी हमने बहुत सारे अनुभवी चिकित्सकों को खो दिया है। ये वो प्रोफेशनल्स थे जिन्होंने केवल अपने काम ही नहीं, इंसानियत से भरे अपने व्यवहार के लिए भी अपनी जगह बनाई थी। आज ऐसे डॉक्टर मिलना बहुत मुश्किल है। एक व्यापमं घोटाले के बाद जिस हेराफेरी का पता चला था वो अब खत्म हो गई होगी ये तो सोचना भी मूर्खता होगी क्योंकि धांधली करने वालों ने चेहरे भी बदल लिए होंगे और तरीके भी। इसलिए जो अच्छे लोग इस फील्ड में काम कर रहे हैं उनकी सुरक्षा और भी जरूरी हो जाती है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री, मनसुख मंडाविया ने इसी वर्ष राज्यसभा में जानकारी देते हुए कहा था- देश में इस वक्त तेरह लाख से कुछ ज्यादा एलोपैथिक डॉक्टर्स हैं जो मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया या स्टेट मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड हैं। यानी करीब 834 लोगों पर 1 डॉक्टर। इनके अलावा कुछ लाख डॉक्टर्स होम्योपैथी, यूनानी, और आयुर्वेदिक आदि पद्धति से इलाज करने वाले भी हैं। अब कोई व्यक्ति किस पद्धति से इलाज करवाता है यह उसका निजी मसला है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि रिसर्च और टेस्टिंग की जितनी प्रमाणिकता अभी एलोपैथी को लेकर मौजूद है उसकी आधी भी बाकी पैथियों के लिए नहीं है और यही वो वजह है जो इन बाकी पैथियों को असरकारक होते हुए भी उस तरह स्थापित नहीं कर पातीं। ऊपर से खुद को डॉक्टर समझ बैठे लोग इन पैथियों को लेकर भी कई भ्रांतियों में जीते हैं। जिनमे सबसे आम है- होम्योपैथी और आयुर्वेदिक दवाइयों का कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होता। जबकि खुद इस पैथी से जुड़े डॉक्टर इस भ्रांति को लेकर सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। यह केवल एक बात है ऐसी कई बातें हैं जो इन पैथियों की विश्वसनीयता को लोगों तक पहुंचाने में बाधा बनती हैं।दुश्वारियां यहीं खत्म नहीं हो जातीं। ग्रामीण इलाके के सरकारी अस्पताल में काम करने वाली एक परिचित महिला डॉक्टर ने मुझे एक बार बताया कि गांवों में लोग डॉक्टर की दवाइयों से पहले झाड़-फूंक से मरीज को अधमरा कर चुके होते हैं। इसके बाद वे मरीज को हमारे पास लाते हैं कि हम उन्हें ठीक कर दें वरना हमारी डॉक्टरी किस काम की। हम पूरी कोशिश करते हैं और मरीज ठीक भी होते हैं। लेकिन एक भी मरीज अगर ठीक न हो तो हमारी जान पर बन आती है। चुनौतियां बहुत सारी हैं लेकिन जरूरी यह है कि इसके लिए मरीज और डॉक्टर को मिलकर ही हल निकालने होंगे। अगर कोई डॉक्टर या हॉस्पिटल गलत कर रहा है तो बकायदा उसके खिलाफ लांबमद हो जाएं, लोगों तक सबूत के साथ उसकी गलती पहुंचाएं लेकिन अस्पताल में तोड़ फोड़ करके या डॉक्टरों पर खुद हमला करके खुद को मुश्किल में न डालें। ऐसे भावनापूर्ण समय में अगर कोई आपको भड़का भी रहा है तो उसकी सुनने की बजाय अपने दिमाग से काम लें।

## संक्षिप्त समाचार

### आज से शुरू हुआ मानसून सत्र, दुर्गेश पाठक ने ली शपथ

**नई दिल्ली ।** सत्र के पहले दिन आप विधायक दुर्गेश पाठक ने शपथ ली। इसके अलावा वेतन वृद्धि को लेकर अभी पांच विधेयकों पर चर्चा होनी है। दिल्ली विधानसभा के दो दिनों का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया। सबसे पहले दिल्ली की राजिंदर नगर विधानसभा सीट से चुने गए आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने शपथ ली। सत्र के दो दिनों में कई विषयों पर चर्चा होगी। कई विधेयक लाए जाएंगे और कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। इस सत्र पर दिल्लीवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं। नियम-280 पर हुई चर्चा सदन में नियम-280 पर चर्चा हुई जिसमें पक्ष और प्रतिपक्ष के नेताओं ने हिस्सा लिया। चर्चा में शामिल होते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर स्कूलों को बंद करने का आरोप लगाया। इसके उत्तर में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष झूठ बोल रहे हैं। वो दो शिफ्ट के स्कूल को एक शिफ्ट में बदलने, स्कूल को स्पोर्ट्स स्कूल में तब्दील करने को स्कूल बंदी बता रहे हैं।दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन पांच बिल लाए जाएंगे।

### दिल्ली में पालतू कुत्ते के भौंकने पर आगबबूला हुआ पड़ोसी................

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में एक पड़ोसी पालतू कुत्ते के भौंकने पर भड़क गया। उसने लोहे की रॉड से कुत्ते और उसके मालिक की जमकर पिटाई। बचाव में आए लोगों को भी पड़ोसी ने पीटा, हमले में तीन लोग घायल हो गए हैं। राजधानी दिल्ली से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पश्चिम विहार इलाके में पालतु कुत्ते के भौंकने के बाद एक व्यक्ति ने उस कुत्ते और उसके मालिक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान बचाने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी पड़ोसी ने जमकर पीटा। हमले में पीडित परिवार के 3 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, कुत्ते के मालिक का कहना है कि उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है, अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। घायलों का इलाज जारी है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कुत्ते के मालिक रक्षित के बयान पर पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस थाने में की विभिन्न धाराओं और पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जारी है।

# श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** श्री जगननथ सेवा ट्रस्ट सलारपुर के द्वारा जगननथ मंदिर से भगवान जगननथ की भव्य रथयात्रा ढोल नगाड़े डी जे के साथ सलारपुर मंदिर पर हनुमान मंदिर होते हुए सलारपुर पुलिस चौकी के पीछे साई मंदिर पर समाप्त हुआ ।भारती मिथिला सहयोग समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र पाठक ने बताया कि यह यात्रा नौ दिन बाद पुनः वापिस यही आयेगा तब तक भगवान जगननथ वही विराजमान रहेंगे। इस पूरे यात्रा के दौरान थाना सेक्टर49 के थानाप्रभारी यशपाल सिंह धामा,सेक्टर47 के प्रभारी रवीन्द्र कुमार पूरे पुलिस बल के साथ रहे,इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिराम बेहरा,सचिव अमिय नायक,,जितेन्द्र पाठक,शम्भू झा,विघ्नेश मिश्रा,मनोज गोयल,विनोद सिंह,राघवेंद्र दूबे,अमित भाटी,कमल [illegible] मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।




# प्रगति रथ ने चलाया पर्यावरण संरक्षण अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अतुल वर्मा**

**झाँसी।** आज दिनांक 02/07/2022 को ग्राम कलरया में प्रगति रथ संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने एवम सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल न करने जैसे विषयों पर गांव में जागरूकता फैलाने हेतु गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चो के साथ रैली निकाली गई, जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाए भी शामिल हुईं। रैली के बाद ग्रामवासियों को जल की महत्ता को बताते हुए जल को संग्रह करने की विधियों एवं इस्तेमाल हुए पानी को दोबारा इस्तेमाल में कैसे लाएं लोगों को समझाया गया, साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात गांव में संस्था के सारथियों द्वारा सफ़ाई अभियान चलाया गया एवं वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से डॉ. संध्या चौहान, सना, जरीना खातून, संध्या अहिरवार, सत्य सिंह, रैंडोल्फ मॉरिस, अभिषेक जादौन, आदि उपस्थित रहे।




# मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग यूथ बालक/बालिका कैंप 22 जून से 2 जुलाई तक हुआ आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में खेल विभाग एवं यू0पी0 ओलंपिक एसोसिएशन बॉक्सिंग के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर के मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग यूथ बालक/बालिका का कैंप दिनांक 22 जून 2022 से 2 जुलाई 2022 तक आयोजित किया गया। जिला क्रीडाधिकारी अनीता नागर ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश की बॉक्सिंग टीम के खिलाड़ियों को खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के द्वारा भेजे गए खेल के ट्रैक सूट, शूज, बैग आदि का ठाकुर पुष्कर सिंह प्रांतीय मंत्री कीड़ा भारती, प्रमोद कुमार एशियन एथलीट, विजेंद्र अध्यक्ष आर्दश समीतिए मंजीत सिंह समाजसेवी, आर्य जी, चाचा हिंदुस्तानी सुभाष चंदेला के द्वारा वितरण किया गया। इस अवसर पर मनजीत सिंह, ठाकुर पुष्कर सिंह तथा अन्य सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्सहावर्धन करते हुये उनको भविष्य में खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार बॉक्सिंग कोच, राजन चौधरी, सुरेन्द्र, अरविंद प्रधान, नरेंद्र नंबरदार सभी ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की तथा विशेषण के सचिव प्रमोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस पर छात्रों को अखबार का लिफाफे बनाना सिखाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन ने विचार-धारा के तहत यशोदा पब्लिक स्कूल के छात्रों को पोलीथीन का प्रयोग रोकने के लिये पुराने न्यूज पेपर के लिफ़ाफ़े बनाने सिखाये। बच्चों द्वारा बनाये हुए लिफ़ाफ़े वेंडर्स को दिये जायेंगे जिससे पोलीथीन के प्रयोग पर रोक लगाने में सफल होंगे और बच्चों के साथ साथ माता-पिता भी जागरूक होंगे ।इसके साथ-साथ सबसे महत्तवपूर्ण, वेंडर्स पोलीथीन के स्थान पर बच्चों द्वारा बनाए गए लिफ़ाफ़े प्रयोग करेंगे और उसके लिए बच्चों को पाठ्य लेखन सामग्री देगे।प्रत्येक शनिवार छात्रों द्वारा पुराने न्यूज पेपर के लिफाफे बनाएं जायेगे और लिफ़ाफ़े वेंडर्स को दिये जायेगे। यह पॉलिथीन रोकने का बहुत ही सराहनीय प्रयास है। जिससे समाज मे एक जागरूकता का अभ्युदय होगा।और इससे समाज मे फैल रही तमाम बीमारियों से निजात मिलेगी। प्रदूषण पर भी अवरोध लगेगा।



# गरीब बच्चों में मिठाइयां बांटकर मनाया सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के जन्मदिन पर नोएडा सपा महानगर कार्यालय सेक्टर 9 में महानगर अध्यक्ष दीपक विग के नेतृत्व में महानगर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाने का काम किया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबी आयु की कामना की महानगर अध्यक्ष दीपक विग ने कहा कि, अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के 20 वे मुख्यमंत्री हैं उन्होंने इटावा में सेंट मेरी स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की इसके बाद उन्होंने राजस्थान के ढोलपुर में ढोलपुर मिलिट्री स्कूल में दाखिला लिया। वे पर्यावरण इंजीनियरिंग में सनतकोत्तर डिग्री के लिए अध्ययन करने ऑस्ट्रेलिया गए, अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते हैं , मार्च 2012 में 38 साल की उम्र में शपथ ली, उन्होंने तीन बार लोकसभा चुनाव जीतने का भी काम किया और उत्तरप्रदेश में विकास की गंगा बहाई जाति धर्म की राजनीति की जगह विकास की राजनीति की पार्टी में परिवारवाद का ख़ात्मा किया,मंच का संचालन महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल ने किया, उपाध्यक्ष शकील सैफी ,गौरव चाचरा ,विपिन अग्रवाल ,मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव ने भी मंच को संबोधित करने का काम किया है,उसके बाद महानगर अध्यक्ष दीपक विग के साथ-साथ उपाध्यक्ष गौरव चाचरा, शकील सैफी, विपिन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव, सुनीता शारदा ,अजीम अली जैदी, सेक्टर नौ स्थित झुग्गी में जाकर गरीब बच्चों में मिठाइयां केक बैठकर सादगी के साथ अखिलेश यादव जी के जन्मदिन मनाने का काम किया, आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में, दीपक विग, शकील सैफी ,विपिन अग्रवाल, गौरव चाचरा, गौरव कुमार यादव, दिनेश यादव, कुलदीप शर्मा,सुनीता शारदा, मुनन आलम ,अजीम अली जैदी, जगदंबा प्रसाद रतूड़ी, वीर बहादुर, साहिल चौधरी, मानसी, शहजाद, तनवीर हुसैन, निर अवाना, विपुल जोहरी ,शुभम दुबे, मुख्य रूप से उपस्थित रहें।





# विशेष लोक अदालत में 111 वादों का निस्तारण किया गया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 03.07.2022 को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिनन जिला न्यायालयों द्वारा कुल 111 वादों का निस्तारण किया गया। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि माननीय जिला जज श्री अवनीश सक्सेना द्वारा 09 वाद, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय श्री अनुपम कुमार द्वारा 24 वाद, अपर जिला जज प्रथम वेद प्रकाश वर्मा द्वारा 07 वाद, अपर जिला जज तृतीय पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा 05 वाद, अपर जिला जज चतुर्थ ज्योत्सना सिंह द्वारा 11 वाद, अपर जिला जज पंचम मोना पवार द्वारा 48 वाद, अपर जिला जज/ एफ0टी0सी प्रथम डा0 अनिल कुमार सिंह द्वारा 03 वाद, अपर जिला जज/ एफ0टी0सी द्वितीय राजीव कुमार वत्स द्वारा 04 वाद का निस्तारित किया गया। उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 111 मामलों का निस्तारण किया गया।



# रूस का दावा- लुहान्स्क पर अब हमारा कब्ज यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने किया खारिज

**कीवी ।** इससे पहले रूस के रक्षा मंत्री ने दावा किया कि रूसी बलों ने रविवार को यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र स्थित लुहांस्क प्रांत के अहम शहर पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही रूस यूक्रेन के पूरे डोनबास इलाके पर कब्जा करने के लक्ष्य के करीब पहुंच गया है। करीब चार माह से जारी यूक्रेन पर हमलों में रूस को बड़ी सफलता मिली है। रूसी फौज ने पूर्वी यूक्रेन के लिसिचंस्क शहर पर कब्जे के साथ ही समूचे लुहांस्क क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है। इस बीच यूक्रेन ने पहली बार रूसी सीमा के भीतर बेलगोरोद में मिसाइल से हमला किया है। इसमें तीन लोगों की मौत हुई है। बेलगोरोद के गवर्नर विचिस्लाव ग्लादकाव ने बताया, मिसाइल हमले में 11 बहुमंजिला इमारतों और 39 घरों को नुकसान पहुंचा है। 10 वर्षीय बच्चे समेत चार घायल हुए हैं। कई चश्मदीदों ने घटना की पुष्टि की है। हालांकि यूक्रेन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। शहर के एक निवासी ने बताया कि हमला सुबह करीब तीन बजे हुआ था। एक के बाद एक कई जबरदस्त धमाके हुए, जो कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दिए। चश्मदीद के मुताबिक, एक मिसाइल उसके पड़ोस की रिहायशी इमारत पर भी गिरी। इससे कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। उसके घर की खिड़कियों के कांच भी टूटे। यूक्रेन की सीमा से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित बेलगोरोद में करीब चार लाख लोग रहते हैं। रूस ने इससे पहले भी शहर पर यूक्रेन की तरफ से हमलों का दावा किया था, लेकिन स्वतंत्र स्रोतों से यूक्रेनी हमले की पुष्टि पहली बार हुई है। यूक्रेन ने भी पिछले हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि इस हमले के बाद यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा, रूस ने जो किया, उसका नतीजा भुगत रहा है। उधर, युद्ध की शुरुआत से ही रूस के कब्जे में आए मेलितोपोल शहर के मेयर ने बताया कि रविवार को यूक्रेन ने शहर पर मिसाइल हमले किए। इससे यहां मौजूद रूसी सेना के चार में से एक सैन्य अड्डा पूरी तरह तबाह हो गया। एजेंसी पूरे दोनबास पर कब्जे का लक्ष्य यूक्रेन के लुहांस्क और दोनेस्क प्रांत मिलकर दोनबास कहलाते हैं। रूसी सेना इस पूरे इलाके पर कब्जे के लक्ष्य के साथ लगातार जुटी हुई है। लुहांस्क में सेरेरोदोनेस्क व लिसिचंस्क पर कब्जे का लक्ष्य पूरा करने के बाद ही मोटे तौर पर माना जा रहा है कि पूरा लुहांस्क अब रूस की सेना के कब्जे में हैं। लिसिचंस्क पर कब्जे के बाद रूसी सैनिकों के लिए पश्चिम में दोनेस्क प्रांत के शहरों की तरफ बढ़ना आसान हो जाएगा। रूस ने यूक्रेन के दो ड्रोन गिराए रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक रूसी सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने रविवार को यूक्रेन के दो ड्रोन मार गिराए। इसके अलावा, वायु प्रतिरक्षण?प्रणाली की मदद से यूक्रेन के कई मिसाइल हमलों को भी नाकाम कर दिया गया। रूस के प्रांत कर्स्क के गवर्नर रोमन स्टारोवोइत ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे तेत्किनो कस्बे पर यूक्रेनी के कई मोर्टार गिरे। पहले शहर को घेरने, फिर उस पर नियंत्रण का दावा रूस ने रविवार को पहले तो पूर्वी यूक्रेन में लुहांस्क के आखिरी बड़े शहर लिसिचंस्क को घेरने का दावा किया, कुछ देर बाद शहर पर कब्जे का एलान करते हुए कहा, अब पूरा लुहांस्क उसके नियंत्रण में है। रूसी रक्षामंत्री सर्गेई शोइगू ने बताया कि रूस के सैनिकों ने सेवेरोदोनेस्क के जुड़वां शहर लिसिचंस्क पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लुहांस्क के गवर्नर सेरेही गैदाई ने भी रूस की बढ़ती पकड़ पर चिंता जताई थी। स्लोवियांस्क अगला निशाना रूस की नजर अब दोनेस्क पर है। यहां कई इलाकों पर पहले से ही रूस समर्थक अलगाववादियों का कब्जा है। दोनेस्क के गवर्नर पाव्लो कायरिलेंको ने बताया कि अलगाववादियों ने कई पत्रकारों, सैनिकों व यूक्रेनी अधिकारियों को बंधक बना रखा है। कई लोगों की हत्याएं भी हुई हैं। स्लोवियांस्क में 2014 से ही छिटपुट झड़पें चलती आ रही हैं, लेकिन अब रूसी सेना के बल पर यहां अलगाववादियों का प्रभुत्व है, जो जल्द ही रूसी कब्जे में बदल जाएगा। शहर के मेयर वादिम लायख के मुताबिक, शहर पर हमले बढ़ गए हैं। यहां बड़ी संख्या में रूस समर्थक लोग रहते हैं। ऐसे में कई बार यह भी आरोप लगता है कि यूक्रेन हमला कर रहा है। हालांकि, हमले सिर्फ रूस ही कर रहा है। यूक्रेन ने बेलारूस पर भी दागी मिसाइलें रूस के सहयोगी बेलारूस ने शनिवार को आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने उसके इलाके में भी मिसाइलें दागी थीं, हालांकि हमले को एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया था। इसे लेकर बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा था कि बेलारूस इसे उकसावे की कार्रवाई मान रहा है। पहले ही साफ किया जा चुका है कि बेलारूस का कोई सैनिक इस युद्ध में शामिल नहीं है। इससे पहले यूक्रेन ने आरोप लगाया था कि रूसी सैनिकों ने बेलारूस से यूक्रेन पर हमला किया था।



# येलो लाइन पर देरी से चल रही मेट्रो ट्रैक पर यात्री के आने से हो रही परेशानी

**नई दिल्ली ।** येलो लाइन पर मेट्रो अपनी गति से धीमे और रुक-रुककर चल रही है। जानकारी के अनुसार हर स्टेशन पर मेट्रो रेल करीब 10 मिनट तक रुक रही है। येलो लाइन के चार स्टेशनों पर पहुंचने में मेट्रो को करीब 38 मिनट का समय लग रहा है दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्रियों को सोमवार को एक बार फिर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। येलो लाइन पर चलने वाली मेट्रो आज देरी से चल रही है। सुबह करीब 11:30 बजे से मेट्रो सेवा में विलंभ होने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है मेट्रो अपनी गति से धीमे और रुक-रुककर चल रही है। जानकारी के अनुसार हर स्टेशन पर मेट्रो रेल करीब 10 मिनट तक रुक रही है। येलो लाइन पर चार स्टेशन पहुंचने में मेट्रो को करीब 38 मिनट का समय लग रहा है दिल्ली मेट्रो रेल कॉपीरेशन ने बताया कि येलो लाइन पर सेंट्रल सेक्रेटेरिएट से ग्रीन पार्क के बीच सेवाएं बाधित हैं। जोर बाग में मेट्रो रेल के ट्रैक पर एक यात्री के आ जाने के कारण सेवाओं में देरी हो रही है। हालांकि अन्य सभी लाइनों पर मेट्रो अपने निर्धारित समय से चल रही है।



# कोर्ट में पेश होंगी कंगना, ऋतिक को लेकर 'विक्रम वेधा' के मेकर्स ने दिया बयान

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत में हर समय किसी-न-किसी फिल्म, वेब सीरीज या रियलिटी शोज से जुड़ा अपडेट आता रहता है। लेकिन हर समय फोन पर इन अपडेट्स को पढ़ पाना संभव नहीं। इसलिए अमर उजाला आपके लिए 'एंटरटेनमेंट लाइव ब्लॉग' लेकर आया है। यहां आप किसी भी समय मनोरंजन जगत की ताजा खबरें पढ़ सकते हैं। 'यू मी और हम', 'शिवाय' और 'रनवे 34' के बाद, अभिनेता-निर्देशक-निर्माता अजय देवगन फिल्म 'भोला' को निर्देशित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि तमिल फिल्म कैथी की इस रीमेक में तब्बू और अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# कॉफी विद करण' में खुलेंगे सेलिब्रिटीज के गहरे राज, रोमांस और सस्पेंस से भरपूर होगा यह हफ्ता

**नई दिल्ली।** नए हफ्ते की शुरुआत के साथ ही लोग ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देशभर में इन दिनों ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता के चलते मकेर्स हर हफ्ते अपने दर्शकों के लिए कुछ ना कुछ नया लेकर आते हैं। इसी क्रम में इस हफ्ते भी अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली है। आइए जानते हैं इस हफ्ते रिलीज होने वाले नए ओटीटी कंटेंट मे शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'ऑपरेशन रोमियो' एक रोमांटिक थ्रिलर मूवी है। अप्रैल महीने में रिलीज हुई यह फिल्म थिएटर के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज हो गई है। शरद केलकर, भूमिका चावला और सिद्धांत गुप्ता स्टारर इस यह फिल्म 3 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा सकती है। नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज ऑड स्क्वाड की कहानी दो किशोर एजेंट्स ओलिव और ओटो के ईर्द-गिर्द घूमती है। इस सीरीज के पहले रिलीज हुए दो सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था, जिसके बाद से ही सभी इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों के इंतजार को खत्म करते हुए मेकर्स इस सीरीज के तीसरे सीजन की स्ट्रीमिंग 4 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर शुरू करेंगे। मशहूर सेलिब्रिटी टॉक शो 'कॉफी विद करण' लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। शो के बीते छह सीजन को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। ऐसे में अब जल्द ही इसका सातवां सीजन भी रिलीज



होने वाला है। हाल ही में इस सीरीज के 7वें सीजन का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसके सामने आते ही इस सीजन शो में शामिल होने वाले कालकारों के नामों का भी खुलासा हो गया। यह शो 7 जुलाई 2022 से डिजनी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह जल्द ही बेयर ग्रिल्स के मशहूर शो में नजर आने वाले हैं। इस शो में रणवीर से पहले भी कुछ अभिनेता नजर आए थे। साथ ही देश के प्रधानमंत्री मोदी भी इस शो का हिस्सा बन चुके हैं। वहीं अब रणवीर सिंह इस शो में दिखाई देंगे, जिसे 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकेगा।साउथ सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म विक्रम ने थिएटर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 31 दिन पूरे कर लिए है। वहीं अब सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। यह फिल्म 8 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिजनीहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।

# कागज 2 ' में अनुपम खेर और सतीश कौशिक संग काम करने पर बोले दर्शन कुमार, 'ये सम्मान की बात'

**नई दिल्ली।** फिल्म कश्मीर फाइल्स के बाद लाइमलाइट में आने वाले अभिनेता दर्शन कुमार एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर संग स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। दरअसल वह फिल्म 'कागज 2' में अनुपम खेर और सतीश कौशिक संग काम कर रहे हैं। अब दर्शन कुमार ने इस प्रोजेक्ट के दौरान उनके साथ अपने अनुभव को साझा किया है। अभिनेता दर्शन कुमार ने कागज 2 की शूटिंग के दौरान अपना



अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें दो दिग्गजों के साथ काम करने का मौका मिल रहा है और सतीश कौशिक ने उन्हें पहला ब्रेक दिया था, इसलिए उनके साथ एक बार फिर से साथ काम करना सम्मान की बात है। एक्टर ने कहा, जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा दर्शन कुमार ने आगे कहा 'अनुपम खेर सर, उनके साथ मुझे द कश्मीर फाइल्स के साथ अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है और कागज 2 में भी सीखना जारी है। ये दो दिग्गज इसे बना रहे हैं इसलिए यह फिल्म मेरे लिए और भी खास है। बात करें फिल्म की तो इसका निर्देशन वीके प्रकाश द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने मलयालम में फिल्म के मूल संस्करण का निर्देशन भी किया है। जबकि इसे सतीश कौशिक द्वारा निर्मित किया जा रहा है। हाल ही में अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टा पर इस बारे में जानकारी साझा की थी। यह दिग्गज अभिनेता के करियर की 526वीं फिल्म होगी। बात करें दर्शन कुमार के करियर की तो उन्होंने अपनी शुरुआत प्रियंका चोपड़ा संग 'मैरी कॉम' से की थी। इसके बाद वह 'सरबजीत', 'बागी 2', 'एनएच 10' जैसी फिल्मों में नजर आए। हालांकि कश्मीर फाइल्स उनके करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई है। अभिनेता ओटीटी प्लेटफार्म पर भी डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने बॉबी देओल की वेब सीरीज 'आश्रम' में पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है।

# माधवन की फिल्म को मिला रविवार की छुट्टी का फायदा, बाकी फिल्मों ने किया इतना कारोबार

**नई दिल्ली।** फिल्मों के कलेक्शन के लिहाज से वीकएंड काफी अहम माना जाता है। शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्मों के लिए वीकएंड की परीक्षा पार करना काफी जरूरी माना है। ऐसे में बीते दिनों रिलीज हुई फिल्मों के रविवार को हुए कलेक्शन के शुरुआती आंकड़े भी




सामने आ चुके हैं। अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण के जीवन पर बनी फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहीं, हिंदी फिल्म 'राष्ट्र कवच ओम' के कलेक्शन में भी सुधार देखने को मिला है। ऐसे में जानते हैं रविवार को अन्य फिल्मों का कैसा रहा हाल आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। अपनी रिलीज के साथ ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने शुक्रवार और शनिवार के अपने आंकड़ों को और बेहतर करते हुए रविवार को सभी भाषाओं में करीब 3.70 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म ने शनिवार के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक 2.97 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' के साथ ही रिलीज हुई कपिल वर्मा की फिल्म 'राष्ट्रकवच ओम' ने बॉक्स ऑफिस धीमी रफ्तार से अपनी शुरुआत की है। फिल्म ने शनिवार को जहां 2.20 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, रविवार को फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने रविवार को 1.70 करोड़ का कारोबार किया है। बीते हफ्ते रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'जुग जुग जियो' इन दोनों फिल्मों से दोगुनी स्क्रीन्स पर दिखाई जा रही है। 24 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक कुल 67.44 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। वहीं रविवार को हुई कमाई की बात करें तो फिल्म ने अपनी रिलीज के 10वें दिन करीब 6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

# इन हसीनाओं ने तोड़ा था धोनी का दिल, फिर साक्षी ने यूं दिया था सहारा

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी उन खिलाड़ियों में शुमार हैं, जो क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर लेकर गए। उन्होंने भारतीय क्रिकेट का कद दुनियाभर में बढ़ाया है और उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी जिंदगी पर 'एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' फिल्म बन चुकी है। इसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का रोल अदा किया था। खेल के मामले में महेंद्र सिंह धोनी जितने चर्चित रहे हैं, उतना अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुखियों में रहते हैं। आज वह पतने साक्षी धोनी के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं। फैंस को इन दोनों की जोड़ी बेहद पसंद है। आज इन दोनों की शादी की सालगिरह है। मगर, क्या जानते हैं कि धोनी की जिंदगी में साक्षी से पहले कई अन्य महिलाओं की एंट्री हुई थी। इनमें बॉलीवुड अदाकारा दीपिका पादुकोण से लेकर दक्षिण अभिनेत्री लक्ष्मी तक का नाम शामिल है। एक दफा तो ऐसा हुआ था कि अपनी प्रेमिका के गम में धोनी बुरी तरह टूट गए थे। ऐसे वक्त में साक्षी ही धोनी का सहारा बनी थीं। आइए जानते हैं साक्षी और एम एस धोनी की लव स्टोरी और साक्षी से पहले किस-किस ने ली धोनी की लाइफ में एंट्री. महेंद्र सिंह धोनी का पहला प्यार प्रियंका झा थीं। धोनी उनसे बेहद प्यार करते थे और शादी भी करना चाहते थे, लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। प्रियंका की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई।



इससे धोनी बुरी तरह टूट गए थे। फिल्म 'एम.एस. धोनी' में भी उनकी इस प्रेमिका का जिक्र है। महेंद्र सिंह धोनी का नाम अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ भी खूब जुड़ा। यह तब की बात है, जब दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र के नए खिलाड़ी थे। दोनों कई मौकों पर एक साथ नजर आए और वहीं से दोनों के रिश्ते की खबरें आम हो गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, धोनी 2007 में दीपिका पादुकोण के प्यार में पागल हो गए थे। उस समय दीपिका अपनी फिल्म 'ओम शांति ओम' के लिए और धोनी टी20 वर्ल्ड कप में जीत के बाद सुखियों में थे। दोनों ने एक साथ कई रैंप वॉक किए थे। महेंद्र सिंह दोनी का नाम साउथ इंडियन फिल्मों की अभिनेत्री राय लक्ष्मी से काफी जोड़ा गया था। हालांकि, धोनी ने आज तक इस बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन राय लक्ष्मी ने जरूर अपनी बात रखी। दोनों की लव स्टोरी भी काफी मशहूर रही थी। आपको बता दें दोनों की मुलाकात 2008 आईपीएल के दौरान हुई थी। इसके बाद ही दोनों के लिंकअप की खबरें सामने आई थीं। हालांकि बाद में ब्रेकअप हो गया था। राय लक्ष्मी 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में टीम चेनन्ई सुपर किंग्स की ब्रांड एम्बेसडर बनी थीं। धोनी और लक्ष्मी अलग क्यों हुए ये किसी को नहीं पता है। कुछ समय पहले ही राय लक्ष्मी ने कहा था कि धोनी के रिश्ता उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। महेंद्र सिंह धोनी का नाम गजिनी फेम एक्ट्रेस असिन के साथ भी जोड़ा गया था। साल 2010 में धोनी और असिन एक ही ब्रैंड को एंडोर्स कर रहे थे और यहीं से दोनों के अफेयर की खबरें सामने आईं।

# विक्रम वेधा' के लिए विदेश में क्यों बसाया गया उत्तर प्रदेश मेकर्स ने बताया पूरा सच......

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन की आगामी फिल्म 'विक्रम वेधा' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सैफ अली खान, ऋतिक रोशन और राधिका उत्तर प्रदेश में शूटिंग करने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने मेकर्स को सुझाव दिया कि दुबई में एक ऐसा सेट बनाया में अक्टूबर-नवंबर 2021 में शूट किया गया था क्योंकि यह एकमात्र स्थान था जहां बायो-बबल के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध था। हमने



आप्टे अभिनीत यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हालांकि, रिलीज से पहले ही फिल्म के बजट से लेकर इसकी शूटिंग की लोकेशन तक तमाम जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा था कि ऋतिक रोशन की मांग के बाद फिल्म का बजट दोगुना हो गया है। जी हां, रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि विक्रम वेधा को पुष्कर और गायत्री सीमित बजट में बनाना चाहते थे। लेकिन निर्माताओं को अपना बजट बढ़ाना पड़ा क्योंकि ऋतिक रोशन ने कथित तौर पर जाए, जो बिल्कुल यूपी जैसा लगे। जिसकी वजह से मेकर्स का बजट गड़बड़ा गया। हालांकि मेकर्स ने इन सभी रिपोर्ट्स को अफवाह बताते हुए स्पष्टीकरण जारी किया है। विक्रम वेधा के मेकर्स ने सारी खबरों को महज अफवाह बताते हुए कहा, 'शूटिंग स्थानों को लेकर बहुत-सी भ्रामक और पूरी तरह से निराधार खबरें देखने को मिल रही हैं। हम यह स्पष्ट रूप से बताना चाहते हैं कि 'विक्रम वेधा' की शूटिंग लखनऊ सहित भारत के विभिनन्न जगहों पर बड़े पैमाने पर हुई है। फिल्म का एक हिस्सा संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त अरब अमीरात में शूटिंग करने का निर्णय स्वास्थ्य और प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लिया था। ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की विक्रम वेधा साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विक्रम वेधा 2017 में इसी नाम की तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक है। तमिल संस्करण में विक्रम के रूप में आर माधवन और वेधा के रूप में विजय सेतुपति थे। हिंदी संस्करण में, सैफ विक्रम के रूप में दिखाई देंगे जबकि ऋतिक रोशन वेधा की भूमिका निभाएंगे।

# काजोल ने इस फिल्म में लिया करियर का सबसे बड़ा रिस्क

**नई दिल्ली।** डिजिटल और सैटेलाइट के दौर से पहले हिंदी सिनेमा में फिल्मों की कामयाबी उनके बॉक्स ऑफिस पर इस दबदबे से आंकी जाती थीं कि वे सिनेमाघरों मे कितने दिनों तक चलीं। शानदार सौ दिन, 25 हफ्ते पूरे होने पर सिल्वर जुबली और 50 हफ्ते पूरे होने पर गोल्डन जुबली मनाने का सिलसिला खूब चला। सौ करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़े पर इतराने का चलन तब तब आया नहीं था और साल 1997 में जब निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा की फिल्म 'दिल तो पागल है' ने 71 करोड़ रुपये की कमाई की तो ये भी एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड माना गया। इस साल कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर रही जे पी दत्ता की फिल्म 'बॉर्डर', तीसरे पर इंद्र कुमार की 'इश्क', चौथे पर सुभाष घई की फिल्म 'परदेस' और पांचवें नंबर पर निर्देशक राजीव राय की फिल्म 'गुप्त'। 'दिल तो पागल है' और 'परदेस' की कामयाबी का सेहरा शाहरुख खान के सिर बंधा। 'इश्क' की कामयाबी अजय देवगन और आमिर खान के खाते में जुड़ी। 'बॉर्डर' मल्टीस्टाररर फिल्म रही और इस साल की चौंकाने वाली कामयाबी मिली फिल्म 'गुप्त' को जो इसके हीरो बॉबी देओल की दूसरी फिल्म थी। लेकिन, फिल्म में उनके साथ रहीं काजोल ने जो कर दिखाया, उसे लोग अब भी याद करते हैं। बॉबी, काजोल और मनीषा कोइराला तीनों ने मिलकर ऐसा खेल परदे पर खेला कि जमाना भी बस गाता रह गया, 'गुप्त, गुप्त, ये है गुप्त गुप्त आज के बाइस्कोप में इसी फिल्म के कुछ किस्से.. फिल्म 'गुप्त' की कहानी लिखते समय इसके लेखक, निर्देशक राजीव राय के दिमाग में लीड रोल के लिए दो नाम थे, अक्षय कुमार और सनी देओल। सनी देओल के साथ वह 'त्रिदेव' और 'विश्वात्मा' बना चुके थे और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'मोहरा'। राजीव राय ने कहानी का जिक्र अक्षय कुमार से भी किया और सनी देओल से भी। सनी देओल ने ही राजीव को सलाह दी कि ये फिल्म उन्हें बॉबी देओल के साथ बनानी चाहिए क्योंकि उनकी पहली फिल्म 'बरसात' तब बस रिलीज ही होने वाली थी और बॉबी के करियर की दूसरी फिल्म के लिए ये कहानी सनी को परफेक्ट लगी। राजीव राय को भी बात सही लगी और उन्होंने बॉबी देओल को साइन करके फिल्म की शूटिंग 1996 के शुरू में ही करने की तैयारी शुरू कर दी। फिल्म में सबसे पहले बॉबी के साथ साइन हुई हीरोइन थीं रवीना टंडन। रवीना के साथ बॉबी का फोटोशूट भी कराया गया जो फिल्म के टीजर के तौर पर कुछ जगहों पर छपा भी। लेकिन, तभी 'बरसात' के आखिरी शेड्यूल में बॉबी देओल अपनी टांग तुड़वा बैठे। तारीखों के चक्कर में रवीना टंडन फिल्म 'गुप्त' का हिस्सा नहीं रहीं। रवीना को फिल्म में वही रोल करना था जो बाद में मनीषा कोइराला के हिस्से आया। फिल्म में बॉबी देओल की मंगेतर शीतल चौधरी का ये किरदार मनीषा से पहले करिश्मा कपूर को भी ऑफर हुआ था लेकिन लेकिन मनीषा ने लिया शीतल चौधरी का किरदार और ईशा के रोल में इसके बाद आईं काजोल। फिल्म 'गुप्त' की कहानी बहुत कुछ 1976 राय ने इसमें तमाम सारी बातें ऐसी डालीं जो उस वक्त के सिने दर्शकों को खूब भाईं। काजोल को फिल्म में जिस तरह पेश किया गया, वह




बात किन्हीं वजहों से बन नहीं सकी। बॉबी देओल और करिश्मा कपूर की जोड़ी इसके बाद पहली बार बनी थी निर्देशक कुंदन शाह की फिल्म 'हम तो मोहब्बत करेगा' में। मनीषा कोइराला के पास भी राजीव राय पहले फिल्म में बॉबी देओल के निभाए किरदार साहिल सिन्हा की बचपन की दोस्त ईशा दीवान के रोल के लिए ही गए थे में प्रकाशित अंग्रेजी उपन्यास 'गुड चिल्ड्रेन डोंट किल'' के आसपास की कहानी है। इसी उपन्यास पर ऋषि कपूर के करियर की दूसरी फिल्म 'खेल खेल में' भी बनी थी। और, इसी उपन्यास की कहानी पर बनी अक्षय कुमार का करियर चमका देने वाली फिल्म 'खिलाड़ी'। 'खिलाड़ी' की रिलीज के पांच साल बाद जब 'गुप्त' लिखी गई तो राजीव पूरा आइडिया राजीव राय का ही था। शब्बीर बॉक्सवाला ने सह पटकथा लेखक के रूप में इस पूरे विचार को पूरी फिल्म में बुन दिया। काजोल ने जब ये फिल्म साइन की तो वह 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की कामयाबी में झूम रही थीं। उन्होंने अपने करियर का ये बड़ा रिस्क लिया और 'डीडीएलजे' में फिल्मफेयर का बेस्ट एक्ट्रेस अवार्ड जीतने के बाद इस फिल्म में फिल्मफेयर का बेस्ट विलेन अवार्ड जीतकर उन्होंने अपनी काबिलियत की चमक चारों तरफ बिखेर दी। फिल्मफेयर बेस्ट परफॉर्मेंस इन ए निगेटिव रोल का अवार्ड अभिनेत्रियों में काजोल के अलावा सिर्फ प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म 'एतराज' के लिए जीता है। इस पुरस्कार के लिए नामित होने वाली अदाकाराओं में फिल्म 'प्यार तूने क्या किया' के लिए उर्मिला मातोंडकर, फिल्म 'मकड़ी' के लिए शबाना आजमी, फिल्म 'जिस्म' के लिए बिपाशा बसु, फिल्म 'अरमान' के लिए प्रीति जिंटा और फिल्म 'कलयुग' के लिए अमृता सिंह शामिल हैं। काजोल से इस किरदार पर अब भी बात करो तो वह चहक उठती हैं। वह मानती हैं, 'फिल्म 'गुप्त' में इशा दीवान का किरदार करना एक बहुत बड़ी चुनौती भी थी और करियर के लिहाज से बहुत बड़ा खतरा भी। लेकिन, लाइफ मे थोड़ा रिस्क तो लेना ही चाहिए।' काजोल को कंफर्ट जोन से बाहर जाकर कुछ अलग करना शुरू से पसंद रहा है। हां, ये वह बिल्कुल नहीं मानतीं कि गुप्त जैसी फिल्म का भी कोई सीक्वेल बन सकता है। वह तो यहां तक कहती हैं कि उन्होंने जितनी भी फिल्में अब तक अपने करियर में की हैं, उनमें से किसी का ना तो रीमेक होना चाहिए और न ही उसकी सीक्वेल बननी चाहिए। काजोल को विलेन बनाकर राजीव राय ने जो जुआ खेला, उसमें वह जीत गए। राजीव ने और भी तमाम एक्सपेरीमेंट इस फिल्म में किए हैं। जेम्स बॉन्ड की फिल्मो की शुरूआत की तरह ही फिल्म 'गुप्त' के ओपनिंग क्रेडिट्स डिजाइन उन्होंने बनवाए। लोगों को ये पसंद भी आए। महिलाओं की नाचती छायाओं के ऊपर उभरते कलाकारों और तकनीशियनों के नामों ने फिल्म का मूड सेट करने में काफी मदद की। राजीव ने फिल्म बनाई ही वयस्क दर्शकों को ध्यान में रखकर थी तो थोड़ा बहुत ओवरबोर्ड जाने में भी राजीव ने यहां परहेज नहीं किया। राजीव राय की असल जीत थी फिल्म के सहायक कलाकारों के लिए काबिल अभिनेताओं की पूरी लाइन लगा देना। फिल्म में राज बब्बर से लेकर परेश रावल, शरत सक्सेना, प्रेम चोपड़ा, रजा मुराद, सदाशिव अमरापुरकर, ओम पुरी, कुलभूषण खरबंदा, दलीप ताहिल, प्रिया तेंदुलकर और मुकेश ऋषि के अलावा तमाम कलाकार ऐसे रहे जिन्होंने अपने अपने छोटे लेकिन असरदार किरदारों में जान डालने में कसर नहीं छोड़ी। फिल्म 'गुप्त' का एक और विनिंग प्वाइंट रहा इसका म्यूजिक। संगीतकार जोड़ी कल्याणजी आनंदजी की विरासत संभालने वाले विजू शाह (कल्याणजी के बेटे) ने राजीव राय की पिछली तीनों फिल्मों 'विश्वात्मा', 'त्रिदेव' और 'मोहरा' की तरह इस फिल्म का संगीत भी उस वक्त की युवा पीढ़ी को ध्यान में रखकर तैयार किया। राजीव राय और विजू शाह ने जोड़ी बनाकर एक साथ लगातार चार हिट फिल्में देने का हिंदी सिनेमा में अपनी तरह का अनोखा रिकॉर्ड बनाया। उन दिनों फिल्मों के गानों के कैसेट की पायरेसी खूब होती थी, इसके बावजूद गुप्त के गानों के कैसेट खूब बिके। विजू शाह को फिल्म के बैकग्राउंड के लिए फिल्मफेयर का पुरस्कार मिला। काजोल और वीजू शाह के अलावा इस फिल्म के लिए राजीव राय को बेस्ट एडिटिंग का फिल्मफेयर अवार्ड मिला।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274